दैनिक

RNI No. MPHIN/2018/77427

सच कहने का साहस

# चम्बल नवराष्ट्र

web portal : cnnews.co.in | Email : guptavineet087@gmail.com | Share Events & News 8889307028

वर्ष -6 अंक-230 | भोपाल, बुधवार 31 जुलाई 2024 | पृष्ठ -8 मूल्य-2.00

# वायनाड में 4 घंटे में 3 लैंडस्लाइड, 119 मौतें

## सेना और एयरफोर्स रेस्क्यू में जुटी, केरल में 2 दिन का राजकीय शोक





**वायनाड।** केरल के वायनाड में तेज बारिश की वजह से सोमवार देर रात 4 अलग-अलग जगहों पर लैंडस्लाइड हुई। रात 2 बजे से सुबह 6 बजे के बीच हुए लैंडस्लाइड में 4 गांव बह गए। मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा में घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां भी बह गईं।

तक 119 लोगों की मौत हो चुकी है। 116 अस्पताल में हैं, जबकि 98 से ज्यादा लोगों के लापता होने की खबर है। रेस्क्यू के लिए आर्मी, एयरफोर्स, SDRF और NDRF की टीम मौके पर मौजूद है। कन्नूर से आर्मी के 225 जवानों को वायनाड के लिए रवाना किया गया है। एयरफोर्स के 2 हेलिकॉप्टर भी रेस्क्यू के लिए भेजे गए, लेकिन बारिश के चलते उन्हें कोझिकोड लौटना पड़ा।

सेना की स्पेशल डॉग यूनिट के ट्रेंड डॉग्स, जिनमें बेल्जियन मैलिनोइस, लैब्राडोर और जर्मन शेफर्ड जैसी नस्लें शामिल हैं, वायनाड में भूस्खलन प्रभावित मेप्पाड़ी के लिए रवाना किए गए हैं। इधर, केरल सरकार ने इस हादसे के बाद राज्य में दो दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

वायनाड के 4 गांव- मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा में लैंडस्लाइड की घटना हुई है। 5 साल पहले 2019 में भी भारी बारिश की वजह से इन्हीं गांवों में लैंडस्लाइड हुई थी, जिसमें 17 लोगों की मौत हुई थी। 5 लोगों का आज तक पता नहीं चला। 52 घर तबाह हुए थे। वायनाड का मुंडक्कई गांव लैंडस्लाइड की वजह से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां चूरलमाला को मुंडक्कई से जोड़ने वाला पुल बह गया है, जिससे क्षेत्र तक पहुंचना मुश्किल हो गया है।

NDRF की 20 सदस्यीय टीम पैदल चलते हुए यहां तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। मुंडक्कई में करीब 250 लोगों के फंसे होने की खबर है। यहां कई घर बह गए है। यहां 65 परिवार रहते थे। यहीं पास के एक टी एस्टेट के 35 कर्मचारी भी लापता हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष समशाद मरईक्कर ने बताया कि मुंडक्कई सड़क मार्ग से पहुंचा नहीं जा सकता है। मोबाइल नेटवर्क भी ठप है। चूरलमाला गांव में भी नुकसान ज्यादा है। यहां रेस्क्यू जारी है। यहां कई घर बह गए हैं। कई लोगों को बचाया गया हैं, जिनमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल थे। ये एक होमस्टे में रुके थे। यहां रेस्क्यू टीम एक-एक घरों की जांच कर रही है। मौसम विभाग ने आज भी वायनाड के अलावा कोझिकोड, मल्लपुरम और कासरगोड में रेड अलर्ट जारी किया है। यानी आज भी यहां भारी बारिश होने की संभावना है। इसकी वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ सकती है। वायनाड, केरल के नॉर्थ-ईस्ट में है। यह केरल का एकमात्र पठारी इलाका है। यानी मिट्टी, पत्थर और उसके ऊपर उगे पेड़-पौधों के ऊंचे-नीचे टीलों वाला इलाका।

# यूपी में लव जिहाद पर अब उम्रकैद, बिल पास

## दोषी पर जुर्माना भी बढ़ाया, कोई भी व्यक्ति कर सकेगा शिकायत



**लखनऊ ।** यूपी में लव जिहाद के दोषी को अब उम्रकैद की सजा होगी। साथ ही एक लाख रुपए जुर्माना भी भरना होगा। राज्य विधानसभा में मंगलवार को लव जिहाद विरोधी बिल पास हो गया।

योगी सरकार ने बिल सोमवार को सदन में रखा था। इसमें धर्म परिवर्तन से जुड़े अपराधों में सजा की अवधि और जुर्माना भी बढ़ा दिया गया है। धर्म परिवर्तन के लिए विदेशों से होने वाली फंडिंग रोकने के लिए सजा को सख्त किया गया है।

सरकार का कहना है कि अपराध की गंभीरता, महिलाओं की सामाजिक स्थिति व गरिमा के हित में ऐसा फैसला लिया गया। साथ ही एससी-एसटी के लोगों का अवैध धर्मांतरण रोकने के लिए सजा और जुर्माना बढ़ाने की जरूरत महसूस की गई। बिल में पीड़ित के इलाज का खर्च और पुनर्वास का पैसा भी कोर्ट तय कर सकेगा। अवैध धर्म परितर्वन के लिए फंडिंग भी को भी क्राइम माना जाएगा। किसी विदेशी संस्था या किसी भी अवैध संस्था से यदि धर्म परितर्वन के लिए फंडिंग हुई तो संस्था के संचालकों पर भी एक्शन होगा। धर्म परिवर्तन के लिए किसी को डराया, संपत्ति का डर दिखाया, मारपीट की, या शादी का दबाव बनाया तो भी उम्रकैद और जुर्माना भुगतना होगा। यह बिल 2021 में विधानमंडल के दोनों सदनों से पारित हुआ था। उस समय इसमें अधिकतम 10 वर्ष की सजा और 50 हजार रुपए का जुर्माना का प्रावधान था। सरकार ने प्रस्तावित संशोधित विधेयक में सजा और जुर्माना दोनों को बढ़ाया है। यूपी विधानसभा के मानसून सत्र में सोमवार को कई नजारे देखने को मिले। हंगामा हुआ, शायरी पढ़ी गई और सवाल-जवाब भी हुए। सपा विधायक संग्राम सिंह ने कहा- कुछ भी पूछो तो मुख्यमंत्री योगी डांट देते हैं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना एक सवाल का जवाब देते हुए शायरी सुनाने लगे। बगल में बैठे सीएम योगी आदित्यनाथ खिल-खिलाकर हंस पड़े।

# राहुल बोले- अनुराग ठाकुर ने मुझे गाली दी, मुझे उनसे माफी नहीं चाहिए

## ठाकुर ने कहा- उधार की बुद्धि से राजनीति नहीं चलती





**नई दिल्ली।** संसद सत्र के सातवें दिन मंगलवार को अग्निवीर और जातिगत जनगणना पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर, राहुल गांधी और अखिलेश यादव भिड़ गए। अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा- आपके बोलने के लिए पर्ची आती है। उधार की बुद्धि से राजनीति नहीं चलती।

ठाकुर ने फिर कहा- आजकल कुछ लोगों पर जाति जनगणना का भूत सवार है। जिसको जाति का पता नहीं, वो जाति जनगणना कराना चाहते हैं। इस पर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। राहुल गांधी ने अनुराग ठाकुर पर गाली देने का आरोप लगाया। अखिलेश भी बोले- कोई किसी की जाति कैसे पूछ सकता है।

अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस से बने पूर्व प्रधानमंत्रियों का जिक्र किया और हर दौर में हुए घोटालों का जिक्र करते हुए कहा- मैं पूछना हूं कि चाहता हलवा किसे मिला। कुछ लोग ओबीसी की बात करते हैं। इनके लिए ओबीसी का मतलब है, ऑनली फॉर ब्रदर इन लॉ कमीशन। मैंने कहा था, जिसको जाति का पता नहीं, वो गणना की बात करता है। मैंने नाम किसी का नहीं लिया था, लेकिन जवाब देने कौन खड़े हो गए। ठाकुर ने यह भी कहा कि, असत्य के पैर नहीं होते और यह कांग्रेस पार्टी के कंधे पर सवारी करता है। जैसे मदारी के कंधे पर बंदर होता है। राहुल गांधी के कंधे पर असत्य का बंडल होता है। इन टिप्पणियों के बाद सदन में हंगामा बढ़ गया तो स्पीकर ने राहुल गांधी को अनुराग ठाकुर के जवाब देने के लिए अनुमति दी।

# संसद में जम्मू-कश्मीर का बजट पास

## पिछले साल के मुकाबले 110 करोड़ कम, इंफ्रा और रोड पर फोकस; 370 हटने के बाद 5वां पूर्ण बजट



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार (30 जुलाई) को संसद में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का 5वां पूर्ण बजट पेश किया। इसे ध्वनी मत से पारित किया गया। जम्मू-कश्मीर के लिए फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के लिए 1 लाख 18 हजार 390 करोड़ रुपए का बजट पेश हुआ है। बीते साल यह 1 लाख 18 हजार 500 करोड़ रुपए था। इस साल इसमें 110 करोड़ की कमी आई है।

फाइनेंशियल ईयर 2024-25 में जम्मू-कश्मीर के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (त्रस्ष्क्क) में 7.5त्र की ग्रोथ और 7,902 करोड़ रुपए राजकोषीय घाटा (फिस्कल डेफिसिट) रहने का अनुमान है। इससे पहले 5 फरवरी 2024 को वित्त मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के लिए फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के लिए 1.18 लाख करोड़ रुपए का अंतरिम बजट पेश किया था। बजट में कहा गया है कि यह जम्मू-कश्मीर के विकास का बजट है। इसमें जम्मू-कश्मीर के लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं को शामिल किया गया है। इसका लक्ष्य जम्मू-कश्मीर के लोगों की बेहतरी के लिए सामाजिक-आर्थिक विकास की गति को तेज करना है। प्रदेश में निर्वाचित सरकार नहीं होने की वजह से यह जम्मू-कश्मीर का 5वां पूर्ण बजट है जो संसद में पेश हुआ है।

5 अगस्त 2019 को ऑर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर दो केंद्र शासित प्रदेश में बंट गया। पहला जम्मू-कश्मीर और दूसरा लद्दाख। तभी से जम्मू-कश्मीर को बजट संसद में पेश किया जा रहा है। 2018 में जम्मू-कश्मीर का बजट विधानसभा में पेश हुआ था। राज्य में एक बार चुनाव होने के बाद बजट फिर से विधानसभा में ही पेश किया जाएगा। 11 दिसंबर, 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को 30 सितंबर 2024 से पहले केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया है।

# हावड़ा-मुंबई मेल मालगाड़ी से टकराई, 18 डिब्बे पटरी से उतरे; 2 की मौत, 20 घायल



**रांची।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में मंगलवार तड़के ट्रेन नंबर 12810 मुंबई-हावड़ा मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना में दो लोगों की मौत की खबर है। वहीं, 20 यात्री घायल हो गए। कुल घायलों में पांच लोगों को हल्की चोटें आई हैं और उनका घटनास्थल पर ही इलाज कर दिया गया। हालांकि, कुछ यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हावड़ा से सोमवार रात को निकली यह ट्रेन मंगलवार तड़के ही हादसे का शिकार हुई। चक्रधरपुर रेलवे संभाग के पीआरओ ने बताया कि यात्रियों को रवाना करने के लिए ट्रेन का इंतजाम किया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जमशेदपुर से करीब 80 किलोमीटर दूर बाराबाम्बो के पास सुबहर 3 बजकर 45 मिनट पर हुई। यह जगह पश्चिमी सिंहभूम के काफी करीब है। बाराबाम्बो के पास मुंबई-हावड़ा मेल के 22 में से 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। इनमें बी4 डिब्बे में एक यात्री की मौत हुई है। वहीं, इसी कोच में एक अन्य शख्स के फंसे होने की बात सामने आ रही है। बताया गया है कि कुल 16 यात्री डिब्बे थे, एक पैंट्री कार थी, जबकि एक पावर कार थी। घायलों को बाराबाम्बो में चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई।

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र

भोपाल, बुधवार 31 जुलाई 2024



# सरपंच की हठधर्मिता, प्रशासन की लाचारी

## श्योपुर जनपद की पांडोला ग्राम पंचायत में सरपंच कर रहा मनमानी, बारिश में भी चल रहा मनरेगा का कार्य, खबर प्रकाशित होने के बाद भी प्रशासन नहीं ले रहा सुध

### खबर प्रकाशित होने के बाद भी प्रशासन नहीं ले रहा सुध

### चम्बल नवराष्ट्र के संपादक ने लिखा जिला पंचायत सीईओ को पत्र, सीईओ बोले- मामले में करूंगा कार्रवाई





श्योपुर जिले की ग्राम पंचायत पांडोला में मनरेगा में हो रहा है भ्रष्टाचार












श्योपुर (चम्बल नवराष्ट्र)। श्योपुर जिले की पांडोला ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही है। बारिश में प्रदेश भर में मनरेगा के तहत चल रहे निर्माण कार्यों पर विराम लग गया है लेकिन पांडौला ग्राम पंचायत में नियम कानून सरपंच और सचिव के चल रहे हैं। सरपंच सचिव सभी नियमों को खूंटी पर टांगकर धडल्ले से फर्जी मस्टर भरे जा रहे हैं। हैरान करने वाली बात तो यह है कि दैनिक चम्बल नवराष्ट्र द्वारा कई बार इस मामले की खबर प्रकाशित करने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। क्या सरपंच सचिव की राजनीतिक पकड़ इतनी मजबूत है कि जनपद पंचायत और जिला पंचायत के अफसर भी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं।

### यह है मामला

ग्राम पंचायत पांडोला में बाल्मीकि बस्ती से नसीर जी तक बनाई गई सीसी सड़क एक बारिश नहीं झेल सकी। नतीजतन लाखों रुपए की लागत से बनाई गई यह सड़क जगह जगह से उखड़ने लगी है। इस सड़क के निर्माण में ग्राम पंचायत द्वारा गुणवत्ताहीन सामग्री का बेजा इस्तेमाल किया गया। वहीं सरपंच सचिव ने इस निर्माण कार्य में मानकों के आधार पर कार्य नहीं किया। सड़क निर्माण में कम मात्रा में सीमेंट डालने के कारण यह जगह जगह से टूट गई है। इसकी मोटाई छह इंच की बजाय तीन इंची की गई इसके चलते यह सीसी सड़क कुछ महीने भी नही टिक पाएगी। घटिया निर्माण को लेकर बाल्मीकि बस्ती के वासिंदे इस मामले की शिकायत पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के अधिकारियों से करने की भी बात कह रहे हैं। वहीं पंचायत में चल रहे मनरेगा के कार्यों में रोजगार सहायक भी अपनी मनमानी करने पर उतारू हैं। पंचायत में मनरेगा के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में रोजगार सहायक मजदूरों के हक पर डाका डालकर फर्जी मस्टर भर रहा है। रोजगार सहायक द्वारा प्रतिदिन फर्जी तरीके से मजदूरों के खाते में पैसे डालकर शासन को चूना लगाया जा रहा है।

# जन-जन तक न्याय पहुंचाने हेतु 30 स्वयं सेवकों की भर्ती कर, किया प्रशिक्षित

**श्योपुर।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर श्री राकेश कुमार गुप्त की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर हेतु 30 स्वयं सेवकों की भर्ती की गई जिसका मूल उद्देश्य समाज में न्याय की पहुंच, समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये लोगों की मद्द करना, बाल पीड़ितों की मद्द, समय-समय पर विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन कर कानूनी रूप से जागरूक करना होता है। इसी क्रम में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राकेश कुमार गुप्त के कुशल मार्गदर्शन में आज जिला न्यायालय परिसर में स्थित ए.डी.आर. भवन श्योपुर में उक्त नवीन स्वयं सेवकों का 01 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभांरभ में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष श्री राकेश कुमार गुप्त के कर कमलों द्वारा सरस्वती पूजन व माल्यार्पण किया गया। व साथ ही उपस्थित नवीन पैरालीगल वालेंटियर्स को शुभकामनाएं देते हुये उनके द्वारा किये जाने वाले कार्य के बारे में संक्षिप्त प्रकाश डाला कि पैरालीगल वालेंटियर नालसा की राष्ट्रव्यापी योजना है जिसका उद्देश्य समाज के पीड़ित, शोषित, वंचित एवं अंतिम पंक्ति में खड़े हुये लोगों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है।

इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री राजकुमार वर्मा द्वारा उपस्थित स्वयं सेवकों को मध्यस्थता के लाभ व उसकी कार्यप्रणाली, आपराधिक विधि-एफ.आई.आर., 138 एनआईएक्ट, गिरफ्तारी जमानत, अभियुक्त के अधिकार, न्यायालय की प्रक्रिया, 125 के आवेदन, हिन्दु विवाह अधिनियिम की धारा 9 व धारा 13 आदि विषयों के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

### मायापुर, जानपुर फीडर पर आज बंद रहेगी बिजली

**श्योपुर।** विधुत वितरण केन्द्र श्योपुर ग्रामीण के अंतर्गत 33 केव्ही लाइन मायापुर एवं जानपुरा पर 31 जुलाई को लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाने से उक्त फीडरो पर प्रात: 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक विधुत की आपूर्ति बंद रहेगी।

उपमहाप्रबंधक दक्षिण संभाग श्योपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 31 जुलाई को वितरण केन्द्र श्योपुर ग्रामीण के अंतर्गत 33 केव्ही लाइन मायापुर एवं जानपुरा पर लाइन की शिफ्टिंग का कार्य किया जायेगा, जिसके चलते मायापुर और जानपुरा फीडर 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक बंद रहेगे। जिस कारण इन फीडरो से संबंधित क्षेत्र में विधुत की आपूर्ति बंद रहेगी।

# सीईओ द्वारा चैकडैम का निरीक्षण, सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी



**श्योपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर द्वारा विजयपुर में जनसुनवाई के उपरांत ग्राम पंचायत देहरी में बने चेकडैम कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान चैक डैम के पास में ही बने मुक्तिधाम की क्षतिग्रस्त बाउड्रीवॉल की मरम्मत नही कराये जाने तथा टीनशैड नही होने पर पंचायत सचिव श्री आदिराम कुशवाह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होने ग्राम पंचायत अगरा में मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण की तैयारियों का जायजा भी लिया। उन्होने अगरा में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का अवलोकन भी किया। इस दौरान सीईओ जनपद श्री अभिषेक त्रिवेदी, पीओ वाटरशैड श्री पीएस राजपूत एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

### एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू पाठ्यक्रमो में प्रवेश की अतिम तिथि 10 अगस्त

**श्योपुर।** मध्यप्रदेश शासन की महत्वकाक्षी योजना मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से दूरवर्ती माध्यम से संचालित समाज कार्य में परास्नातक एवं स्नातक डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमो में प्रवेश के लिए 10 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह ने बताया कि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय सतना द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत अध्ययन सत्र 2024-25 के लिए बैचलर इन सोशल वर्क बीएसडब्ल्यू एवं मास्टर इन सोशल वर्क एमएसडब्ल्यू में प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं, जिसकी अंतिम तिथि 10 अगस्त है।

# नियमित शिक्षक आने के बाद भी अतिथि शिक्षक को नहीं हटाया, वेतन से मानदेय देने के निर्देश

## दिव्यांग को मिली ट्राइसिकल, पीएम जनमन में दो लोगों के आवास स्वीकृत, कलेक्टर की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित

**श्योपुर।** कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड ने जनसुनवाई के दौरान अतिथि शिक्षक श्री सूरज कुशवाह के वेतन संबंधी आवेदन पर निर्देश दिये कि नियमित शिक्षक की पदस्थापना होने के बावजूद उक्त विषय के अतिथि शिक्षक को न हटाते हुए कार्य लिये जाने के मामले में संबंधित स्कूल प्रभारी के वेतन से राशि काटकर संबंधित अतिथि शिक्षक का मानदेय भुगतान किया जायें। जनसुनवाई में अतिथि शिक्षक श्री सूरज कुशवाह ने आवेदन प्रस्तुत किया कि उसके द्वारा वर्ष 2023-24 में शासकीय माध्यमिक विद्यालय तलावडा में गणित विषय पढाया गया है, जिसका जनवरी, फरवरी व मार्च तक का वेतन नही मिला है। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी को तत्काल ही परीक्षण करने के निर्देश दिये गये। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा




संकुल प्राचार्य से जानकारी लेकर अवगत कराया गया कि उक्त विद्यालय में गणित विषय के नियमित शिक्षक की पदस्थापना हो गई है, पदस्थापना के बाद उक्त अतिथि शिक्षक को नही हटाया गया। इसम मामले में कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड द्वारा निर्देश दिये गये कि नियमित शिक्षक की पदस्थापना के बाद जितने दिन अतिथि शिक्षक द्वारा अध्यापन कार्य कराया गया है, उसकी जांच कर उतनी अवधि का मानदेय इसके लिए जिम्मेदार स्कूल प्रभारी के वेतन से किये जाने की कार्यवाही की जाये।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर डॉ अनुज कुमार रोहतगी, एसडीएम श्री उदयवीर सिंह सिकरवार, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, श्री वायएस तोमर सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी मौजूद रहें। जनसुनवाई के दौरान 220 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1 आवेदन 24 घंटे की अवधि तथा 7 आवेदन तीन दिन की अवधि में निराकरण के लिए चिन्हित करते हुए तत्काल अधिकारियों को व्हाट्सएप पर भेजे गये।कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से वार्ड नंबर 12 श्योपुर निवासी दिव्यांग श्री राजू जाटव को ट्राईसिकल प्रदान की गई, इसके अलावा पीएम जनमन योजना के तहत आवेदक श्रीमती सुनीता पत्नि श्री दिलीप आदिवासी एवं श्रीमती मनीषा पत्नि श्री शुभम आदिवासी निवासी कैरका को मौके पर ही आवास स्वीकृत करने की कार्यवाही की गई।

कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड द्वारा ग्राम सीसवाली निवासी श्री विष्णु सुमन द्वारा खेत के लिए रास्ता दिलाये जाने संबंधी आवेदन पर तहसीलदार श्योपुर को 24 घंटे के भीतर निराकरण के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार 7 आवेदनो का निराकरण तीन दिन के भीतर किये जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये गये। कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड द्वारा श्री जानकी लाल आदिवासी के मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि दिये जाने संबंधी आवेदन के परीक्षण उपरांत अवगत कराया गया कि योजना के तहत अनुग्रह राशि के लिए ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही दो लाख रूपये की राशि बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त होगी।

# ईज ऑफ डूईंग बिजनेस कॉन्क्लेव ग्वालियर के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा: कलेक्टर

ग्वालियर । राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में मंगलवार को ईज ऑफ डूईंग बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर निगम आयुक्त हर्ष सिंह, एमपीआईडीसी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर पी के सिन्हा, सीआईआई मध्यप्रदेश स्टेट काउंसिल के चेयरमेन आशीष वैश्य, सीआईआई ग्वालियर जोन के चेयरमेन पुनीत डाबर तथा मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल सहित अंचल के उद्यमी मौजूद थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने ग्वालियर और चंबल संभाग के सभी जिलों से आए उद्यमियों को बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार अंचल में औद्योगिक और निवेश की गतिविधियां बढ़ाने के लिये लगातार प्रयासरत है। इसी उद्देश्य से ईज ऑफ डूईंग कॉन्क्लेव का आयोजन शुरू किया गया है, ताकि विकास की महत्वाकांक्षी रणनीति तैयार हो सके। क्योंकि विकसित भारत के दृष्टिकोंण के जरिए देश अपने भविष्य के लिये जो तैयारी कर रहा है उसमें मध्यप्रदेश भी अपना योगदान दे। इस कॉन्क्लेव के माध्यम से ग्वालियर भी उद्योग और निवेश के मामले में नए आयाम छुएगा, ऐसी संभावना और उम्मीद के साथ ही यह आयोजन किया जा रहा है। श्रीमती चौहान ने यह भी कहा कि कॉन्क्लेव के जरिए एक तरफ जहां उद्यमियों की समस्यायें शासन और प्रशासन तक पहुँच सकेंगीं, वहीं सरकार द्वारा उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिये तैयार की गई नीतियां, नवाचार और व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारियों का आदान-प्रदान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि ग्वालियर एवं चंबल अंचल में एक्सपोर्ट करने वाले उत्पादों की भरमार है। लेकिन जानकारी के अभाव में यहां के उद्यमी उसे बाहर नहीं भेज




पाते हैं। अब इस कॉन्क्लेव के जरिए वे नियम, कायदे, प्रक्रिया और औपचारिकताओं से जुड़ी पूरी जानकारी लेकर घर जायेंगे और उसके आधार पर अपने उत्पाद के निर्यात की रणनीति तैयार करेंगे।

निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने कहा कि भारत ने अपने विकास के लिये वर्ष 2047 में विकास की जो रूपरेखा तैयार की है उसमें व्यापार और उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका है और विजन 2047 में विकसित भारत की जो कल्पना की गई है उसमें मध्यप्रदेश का भी योगदान होना चाहिए। इसी उद्देश्य से इस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया है। श्री सिंह ने कहा कि ग्वालियर पहले से भी बड़ा औद्योगिक क्षेत्र रहा है और इस कॉन्क्लेव के जरिए उद्यमियों और शासन के बीच एक सकारात्मक बातचीत का सिलसिला शुरू होगा, ताकि एक बार फिर यहां औद्योगिक और व्यवसायिक गतिविधियां आगे बढ़ सकेंगीं। एमपीआईडीसी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मृदुल सिन्हा ने बताया कि ग्वालियर में आयोजित किए गए इस ईज ऑफ डूईंग बिजनेस कॉन्क्लेव में न केवल ग्वालियर बल्कि आसपास के जिलों के भी उद्यमी और निदेशकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। साथ ही अलग-अलग विभागो द्वारा यहां अपना प्रजेंटेशन दिया गया। जिसमें बताया गया कि उनके जरिए उद्यमी किस तरह अपने बिजनेस को सरल ढंग से स्थापित कर और आगे बढ़ा सकते हैं। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि सरकार की इस मामले को लेकर भविष्य की प्लानिंग क्या है। इस मौके पर उद्यमियों ने तमाम तरह के सवाल भी उठाए और शंकायें भी जाहिर कीं। कॉन्क्लेव में उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा उनकी जिज्ञासाओं, समस्याओं और शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस आयोजन के जरिए उद्यमियों को यह भरोसा दिलाया गया कि सरकार लगातार उद्योग और व्यवसाय को प्रोत्साहित करने के लिये प्रयासरत है।

सीआईआई मध्यप्रदेश स्टेट काउंसिल के चेयरमेन आशीष वैश्य ने बताया कि ईज ऑफ डूईंग बिजनेस इंडेक्स एक ग्लोबल इंडेक्स है। इसके आधार पर निर्धारित होता है कि किस देश, कस प्रदेश और किस शहर में कितना निवेश आयेगा। आज की वर्तमान स्थिति में ईज ऑफ डूईंग बिजनेस इंडेक्स में मध्यप्रदेश भारत में चौथे स्थान पर आ गया है। हम गुजरात और महाराष्ट्र से भी आगे जा चुके हैं। हमारी पॉलिसी इंडिया में सबसे प्रो एक्टिव पॉलिसी में आती है, लेकिन समस्या यह आती है कि एक तरफ पॉलिसी बनना और दूसरी तरफ तत्काल उद्योगपतियों को इसकी जानकारी देना तथा उद्योगपतियों के ग्राउण्ड लेवल पर क्या ईश्यूज हैं इसकी जानकारी सरकार तक पहुँचना । उद्योगपतियों को सूचनाओं की जानकारी नहीं है, इसलिए वे अपने उद्योगो का विकास नहीं कर पाते हैं। श्री वैश्य ने बताया कि अगर हम मध्यप्रदेश या ग्वालियर के व्यापार की बात करें तो हम डॉमेस्टिक आईटम ज्यादा बनाते हैं, एक्सपोर्ट के लिये कम बनाते हैं।

# सात दिन बाद टूटी बादलों की खामोशी, हुई झमाझम बारिश

ग्वालियर। ग्वालियर में पिछले सात दिन से धूप, उमस और सूखी गर्मी से बेहाल लोगों को मंगलवार को राहत मिली। हो गए थे। मंगलवार को एक बार फिर बारिश का मंगल प्रवेश हुआ। सुबह से ही आसमान में बादल मंडरा रहे थे। दोपहर होते-होते हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई थी। शाम को 4 बजे बाद झमाझम बारिश का दौर आया। बादलों ने खामोशी तोड़ी तो धूप के तेवर कम हो गए। मौसम सुहाना हुआ तो उमस भरी चिपचिपी गर्मी से भी लोगों को राहत मिली है। मौसम विभाग का कहना कि 31 जुलाई को एक सिस्टम एक्टिव हो रहा है। जिस कारण एक से चार अगस्त तक अच्छी बारिश की संभावना है।

ग्वालियर में इस सीजन में अभी तक 452.1 एमएम बारिश हो चुकी है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान भी 29.0



डिग्री सेल्सियस रहा, पर बारिश के बाद अधिकतम तापमान में गिरावट आ गई। ग्वालियर में मंगलवार को सुबह से आसमान में बादल मंडरा रहा। लग रहा था कि शायद यह आज बारिश करके जाएं और ऐसा ही हुआ। दोपहर बाद से रुक-रुक कर शुरू हुआ रिमझिम बारिश का दौर अचानक शाम को तेज बारिश में बदल गया। सात दिन बाद आई बारिश का मजा लेने के लिए लोग सड़कों पर भी निकल आए। बारिश के बाद ग्वालियर शहर के आसपास के पहाड़ी झरने फिर बहने लगे।

## विकलांग प्रकोष्ठ ने कलेक्टर को सम्मानित कर ज्ञापन सौंपा

**ग्वालियर।** कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान का मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान शहर जिला कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ ने प्रशस्ति पत्र, भारत माता का स्मृति चिन्ह, डायरी, कलम और गुलदस्ता भेंट गर्मजोशी के साथ सम्मान किया। इस दौरान कलेक्टर को विकलांगजनों ने दो सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा।

शहर जिला कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनूप जौहरी ने बताया कि ज्ञापन में निशक्तजन कल्याण विभाग न्यू कलेक्ट्रेट परिसर से स्थानांतरित कर सिटी सेंटर में किसी भी बाधारहित सुरक्षित एवं समतल जगह या फिर ग्वालियर जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र में स्थापित किया जाये। वहीं मेरिज गार्डनों में विकलांगजनों के लिए बाधारहित रैम्प की व्यवस्था किये जाने की मांग की गई है।

# कांग्रेस विधायक पर एफआईआर महिलाओं को बाल पकड़कर पीटने का आरोप

**ग्वालियर ( चम्बल नवराष्ट्र )** ग्रामीण सीट से कांग्रेस विधायक साहब सिंह गुर्जर और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यूनिवर्सिटी थाना पुलिस ने महिलाओं के साथ मारपीट करने के आरोप में यह कारवाई की है। बीते दिन ग्रामीण महिलाओं ने विधायक समेत अन्य के खिलाफ मारपीट, अभद्रता समेत अन्य गंभीर आरोप लगाए थे।

दरअसल, यह घटना औहदपुर गांव स्थित विधायक निवास की है। सोमवार दोपहर को महू जमार विक्रमपुर गांव की डीपी (बिजली ट्रांसफार्मर) लगवाने की मांग को लेकर विधायक से मिलने के ग्रामीण महिलाएं पहुंचीं थीं। महिलाओं का आरोप है कि यहां विधायक साहब सिंह गुर्जर ने उनके साथ बाल पकड़कर मारपीट और और गाली-गलौज भी की गई। इसके बाद महिलाओं ने एसपी ऑफिस पहुंचकर विधायक और उनके साथियों के खिलाफ शिकायती आवेदन दिया था। पीड़ित महिला मुन्नी लोधी की शिकायत पर यूनिवर्सिटी थाना पुलिस ने कांग्रेस विधायक के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं, विधायक के पीएसओ ने भी इस मामले में शिकायती आवेदन दिया है। डीएसपी अशोक जादौन ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से की गई शिकायत की जा रही है।

जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 3 बजे 15 से 20 लोग एसपी ऑफिस पहुंचे। इनमें 10 महिलाएं भी शामिल थीं। महिलाओं ने बताया कि उनके गांव मऊ में करीब 250 घर हैं और यहां बिजली की समस्या बनी रहती है। इससे पहले भी ट्रांसफॉर्मर की मांग को लेकर 4 बार विधायक के पास जा चुके हैं। लेकिन, हर बार आश्वासन देकर वापस भेज दिया गया। पीड़ित महिला मुन्नी लोधी ने बताया कि सोमवार एक बार फिर विधायक साहब सिंह गुर्जर से मिलने करीब 50 लोग पहुंचे। उन्होंने बिना बात सुने अभद्रता शुरू कर दी और घर से निकाल दिया। घर के बाहर चर्चा कर रहे थे, तब विधायक आए और बोले- कौन क्या बोल रहा है। इतना कहकर मुझे बाल पकड़कर पटक दिया। बचाने की कोशिश की तो अन्य महिलाओं को भी पीट दिया।

# सिंधिया कन्या विद्यालय में नृत्यांजलि आई.पी.एस.सी. डांस फैस्ट का हुआ शुभारम्भ

**ग्वालियर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** सिंधिया कन्या विद्यालय में तीन दिवसीय समारोह नृत्यांजलि आई.पी.एस.सी. डांस फैस्ट के द्वितीय दिवस का भव्य शुभारम्भ हुआ। प्रसिद्ध 16 विद्यालयों मेजबान टीम सिंधिया कन्या विद्यालय सहित 15 बिधालयों भाग लिया।यह समारोह सिंधिया कन्या विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती निशी मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विजया शर्मा उपस्थित थी। निर्णायक मंडल के रूप में लवकेश धालीवाल , प्रफुल्ल सिंह गहलोट तथा सुश्री वैशाली गुप्ता उपस्थित थी।

कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए कोरियोग्राफी रंगमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रत्येक टीम से 6-8 प्रतिभागियों ने भाग लिया । स्कूलों ने 8-10 मिनट तक का प्रदर्शन प्रस्तुत किया।विद्यालयों




के द्वारा अलग-अलग कोरियोग्राफी प्रस्तुत की गई । तत्पश्चात सांयकालीन सत्र में कत्थक कुंभ का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. विजया शर्मा , निर्णायक मंडल लवकेश धालीवाल , प्रफुल्ल सिंह गहलोट ,सुश्री वैशाली गुप्ता विद्यालय कोरियोग्राफर कविता पिल्लई सभी प्रतिभागी स्कूलों ने एक साथ कत्थक भव्य प्रस्तुति दी गई । इस कुंभ का वीडियो मिनिस्ट्री ऑफ़ टूरिज्म को भेजा गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय *प्राचार्या- श्रीमती निशी मिश्रा, उप प्राचार्या-श्रीमती गरिमा सांधु बरसर-सेल्विन माईकेल, , इवेंट कोऑर्डिनेटर-श्रीमती शिवांगी सहाय, श्रीमती कविता पिल्लई, मीडिया प्रभारी -श्रीमती वैशाली श्रीवास्तव, , श्रीमती शालिनी अग्रवाल, श्रीमती निधि चतुर्वेदी, उर्वशी पांडे गीता कोहली , सुमन चौधरी,भुजिंग राव , गीता जादौन, , गीतांजलि , मोहसिन खान, तथा समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## एनडीआरएफ ने निगम के फायर अमले को रेस्क्यू करने का प्रशिक्षण दिया

**ग्वालियर।** शहर में आगजनी एवं जलभराव इत्यादि से संबंधित दुर्घटनाओं में त्वरित रेस्क्यू के लिए मंगलवार को एनडीआरएफ के दल द्वारा नगर निगम के फायर अमले को रेस्क्यू का प्रशिक्षण दिया गया।

सहायक यंत्री फायर ब्रिगेड श्री राजू गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह के निर्देश पर शहर में आपातकाली होने वाली घटना एवं दुर्घटना एवं अन्य स्थितियों में शहर के नागरिकों की सुरक्षा के उद्देश्य से नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न संस्थाओं में आगजनी एवं जलभराव इत्यादि से संबंधित दुर्घटनाओं में त्वरित रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ के दल द्वारा नगर निगम के फायर अमले को रेस्क्यू का प्रशिक्षण दिया गया।

# पंजाबी परिषद समिति की स्टेशन पर चल रही 115 दिवसीय निशुल्क जलसेवा का समापन

**ग्वालियर( चम्बल नवराष्ट्र )।** पिछले 30 वर्षों से ग्वालियर स्टेशन पर चल रही पंजाबी परिषद समिति की निशुल्क शीतल जल सेवा को हर यात्री भी पहचानने लगा है जहां ग्वालियर स्टेशन आते ही यात्रियों के चेहरे शीतल जल पाने को खिल उठते थे तो वही इसी सेवा के लिए दानदाता भी बढ़ चढ़कर आगे आने लगे किसी ने नई ट्राली दी तो किसी ने बर्फ का सहयोग किया और वही युवा से लेकर बुजुर्ग महिला एवं पुरुष जल सेवा धारी भी इस भीषण गर्मी में स्टेशन पहुंचकर हर यात्री की प्यास बुझाने का प्रयास करते थे ताकि कोई भी यात्री ग्वालियर से प्यासा ना जाए और कभी-कभी दानदाताओं द्वारा यात्रियों को शीतल जल के साथ-साथ शरबत का वितरण किया गया पंजाबी परिषद समिति ग्वालियर द्वारा मंगलवार को समिति के अध्यक्ष अशोक मारवाह



जल सेवा की प्रभारी श्रीमति प्रमिला मारवाह मुख्य परामर्शदाता कुलबीर भारद्वाज, रामकुमार चोपड़ा, जी के सूरी , बी. डी.वर्मा , अनिल कपूर एवं अनीता कपूर श्री बीके आनंदश्री मति व श्री दीपेश शौरी,, आत्म प्रकाश मोंगियाने आज समापन के मौके पर सेवादारियों को प्रशंसीपत्र देकर सम्मानित किया एवं दानदाताओं का आभार प्रकट किया।

## संपादकीय

# प्रतिभाओं की जलसमाधि

राजधानी दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं में सुनहरे सपनों के लिये कोचिंग ले रहे तीन प्रतिभागियों की डूबने से हुई मौत ने पूरे देश को झकझोरा है। अवैध रूप से बेसमेंट में चलाये जा रहे एक कोचिंग संस्थान में बरसात का पानी भर जाने से एक छात्र व दो छात्राओं की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। इस घटना को लेकर सड़क से संसद तक हंगामा हुआ है। जानलेवा परिस्थितियों में कोचिंग व संचालकों की मनमानी के खिलाफ प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रवेश की तैयारी कर रहे छात्र सड़कों पर आंदोलन करते रहे हैं। निस्संदेह, यह कोई दुर्घटना नहीं बल्कि मोटे मुनाफे के प्रलोभन में मानव जनित त्रासदी है। विडंबना देखिये ये घटना देश की राजधानी में घटी है। यदि दिल्ली में कोचिंग संस्थानों में आपराधिक लापरवाही की यह स्थिति है तो शेष देश में प्रतिभावान छात्र किन अमानवीय परिस्थितियों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे होंगे? सवाल है कि जब दिल्ली के इन इलाकों के बेसमेंट में किसी तरह की व्यावसायिक गतिविधि चलाना गैरकानूनी है तो फिर कैसे दर्जनों कोचिंग सेंटर बेसमेंट में चल रहे थे? क्यों एमसीडी व दिल्ली प्रशासन के अधिकारियों ने अवैध रूप से चलाए जा रहे इन कोचिंग संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की? अब जब जनाक्रोश बढ़ने लगा तो एमसीडी के एक छोटे अधिकारी को बर्खास्त व एक अधिकारी को निलंबित किया गया है। शनिवार को जिस कोचिंग सेंटर में हादसा हुआ उनके प्रबंधकों की गिरफ्तारी के अलावा कुछ अन्य कोचिंग संस्थानों को सील किया गया है। आखिर किसी न्यायोचित कार्रवाई के लिये हम किसी हादसे का इंतजार क्यों करते हैं? विडंबना देखिए कि छह माह पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने देशभर के कोचिंग सेंटरों के नियमन के लिये दिशा-निर्देश जारी किये थे। जिसमें बुनियादी ढांचे की आवश्यकता,अग्नि सुरक्षा कोड, भवन सुरक्षा कोड और छात्रों के हित में अन्य मानकों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए थे। जिसका मकसद यही था कि शनिवार को हुए दिल्ली हादसे जैसी दुर्घटनाओं से छात्रों की जीवन रक्षा की जा सके। महत्वपूर्ण सवाल यह कि क्या देश के विभिन्न राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में इन निर्देशों का गंभीरता से पालन किया गया? यह भी कि क्रियान्वयन की निगरानी के लिये केंद्र सरकार ने कोई तंत्र विकसित किया है? दरअसल, कोचिंग संस्थानों की मुनाफाखोरी का खमियाजा अच्छी नौकरी के सपने देखने वाली प्रतिभाओं को उठाना पड़ रहा है। यही वजह है घटना पर सांसदों की चिंता के बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सोमवार को राज्य सभा में कहना पड़ा कि सुरक्षा पर लाभ को प्राथमिकता देने वाले कोचिंग सेंटर गैस चैंबर से कम नहीं हैं। निस्संदेह, नियामक तंत्र के अभाव में कोचिंग उद्योग महज मुनाफे का धंधा बन गया है। वर्ष 2022 के एक अनुमान के अनुसार देश का कोचिंग उद्योग 58 हजार करोड़ रुपये का था। वर्ष 2028 तक इसके 1.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोचिंग सेंटरों के संचालक मुनाफा बढ़ाने के लिए लागत कम करने से गुरेज नहीं करते। इसके बावजूद दिल्ली सरकार व एमसीडी शनिवार के हादसे की जवाबदेही से नहीं बच सकते। इस घटना का सबक यह है कि ऐसे हादसे देश के किसी भी क्षेत्र में न हों, इसके लिये समय-समय पर देशभर के कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया जाना चाहिए। नीति-नियंताओं को आग लगने पर कुंआ खोदने की प्रवृत्ति से बचना होगा। राजनेताओं को भी राजनीतिक मतभेदों से इतर इस तरह के हादसे रोकने के लिये गंभीर पहल करनी चाहिए। इन संस्थानों को पंजीकरण के समय से समयबद्ध निगरानी के दायरे में लाना चाहिए। इसके अलावा यह भी महत्वपूर्ण है कि इन कोचिंग संस्थानों के आसपास कमरे किराये पर लेकर रहने वाले छात्रों के रहने की उचित व्यवस्था की जाए। दिल्ली में छात्रों ने मकान मालिकों द्वारा मनमाने किराये वसूलने तथा व्यावसायिक दरों पर बिजली-पानी बिल वसूलने के आरोप लगाये हैं। यहां तक कि कुछ छात्रों ने देश के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर नारकीय परिस्थितियों से मुक्ति दिलाने की गुहार की है। निश्चित रूप से सामान्य मध्यवर्गीय परिवारों से आने वाली इन प्रतिभाओं को पढ़ने-रहने का उचित वातावरण मिलना चाहिए।

# भारत अमेरिकी संबंधों की बदलती हकीकत

**जी. पार्थसारथी**



वाशिंगटन में नाटो संगठन के मुल्क रूस-यूक्रेन युद्ध पर विचार करने के लिए बैठक करने में लगे थे, लेकिन उस दौरान राष्ट्रपति पुतिन के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी की हालिया रूस यात्रा पर पश्चिमी जगत की भौंहें तन गईं। पिछली रूस यात्राओं की तरह मोदी की यह फेरी भी अनेकानेक मुद्दों पर सफल रहीङ्क इनमें सबसे महत्वपूर्ण रहा ऊर्जा और रक्षा सहयोग क्षेत्र में हुआ समझौता। यह ऐसे वक्त पर भी आया जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन ने भारत के मानवाधिकारों को लेकर अपनी रिपोर्ट प्रकाशित की। इस अजीब रिपोर्ट में भारत को वह देश बताया गया जहां मानवाधिकार हनन होना रोजाना का काम है। इसमें जोर देकर कहा गया कि मणिपुर पूरी तरह प्रभावित है, वहां दुराचार, सशस्त्र टकराव एवं हमले हो रहे हैं, घरों और पूजा स्थलों को तोड़ा जा रहा है, काम-धंधा ठप्प पड़े हैं। बाइडेन प्रशासन की रिपोर्ट आगे कहती है कि भारत के सिविल सोसायटी कार्यकर्ता और पत्रकार भी इन हालात की तस्दीक करते हैं। इस किस्म का घटनाक्रम किसी भी लोकतंत्र में अचानक घट सकता है, जब लोगों का एक वर्ग हथियार उठा ले। भारत में इस किस्म की घटनाओं की खबरें कोई नई नहीं हैं।

लगभग 140 करोड़ लोगों वाले देश में मीडिया रिपोर्टिंग करने के लिए स्वतंत्र है। मणिपुर की बढ़ती हिंसा की प्रतिक्रिया में उम्मीद के अनुसार मोदी सरकार ने सुरक्षा बलों की तैनाती की है ताकि कर्फ्यू लगाकर स्थिति संभाली जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने भी मणिपुर के कुछ घटनाक्रमों में दखल देकर शांति स्थापना के लिए प्रभावशाली उपाय करने को कहा है।

मणिपुर, जो कि चीन की सीमा के पास स्थित है, में हिंसा मोटे तौर पर थम चुकी है। संसद में इस मुद्दे पर तीखी नोक-झोंक भी हो चुकी है, जिसमें विपक्ष ने मणिपुर को लेकर सरकार की नीतियों की आलोचना की है। इस प्रकार के मुद्दे देश के संविधान के ढांचे के भीतर रहकर सुलझाए जा सकते हैं, जिसमें विपक्ष की सक्रिय भागीदारी और सर्वोच्च न्यायालय से गाहे-बगाहे मिलने वाले निर्देश शामिल होते हों। लेकिन भारत को लेकर ब्लिंकन रिपोर्ट एकतरफा, अयथार्थवादी और राजनयिक सरोकारों से परे प्रतीत होती है। इसको केवल एक गैर-जरूरी प्रयास कहा जा सकता है, जिसके परिणाम में भारत-अमेरिकी रिश्तों में कटुता पैदा हो सकती है।

भारत में हालिया अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम को लेकर जो मुख्य प्रश्न पैदा हुआ है वह यह कि अगर कमला हैरिस जीतती हैं, तब क्या उनकी सरकार अपने पथप्रदर्शक जो बाइडेन द्वारा हालिया दिनों में अपनाई भ्रमपूर्ण और भारत के प्रति कम मित्रता रखने वाली राह अपनाएगी या फिर वे सामरिक संबंध बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-अमेरिका संबंधों को नई ऊंचाई तक ले जाना चाहेंगी। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव जल्द होने जा रहे हैं। उम्मीद करें कि भारत-अमेरिका रिश्तों में नई शुरुआत होगी। रोचक कि द वॉल स्ट्रीट जर्नल लिखता है, 'कमला हैरिस की उम्मीदवारी बनने से डेमोक्रेट्स नई ऊर्जा के साथ उनके साथ आन खड़े हुए हैं। अब अमेरिका में वह राजनीतिक दौड़ होने जा रही है, जिसका परिणाम कांटे का रहने की उम्मीद है। राष्ट्रपति पद के चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को टक्कर देने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की तैयारी और आत्मविश्वास अब दिखाई देने लगा है।'

राष्ट्रपति चुनाव से पहले के इन कुछ महीनों में अमेरिकी प्रशासन की मुख्य रुचि और ध्यान मुख्यत: रूस-यूक्रेन टकराव पर केंद्रित रहने वाला है, जहां बाइडेन के नेतृत्व वाला पश्चिमी जगत यूक्रेन को हथियार, गोला-बारूद, अस्त्र-शस्त्र जमकर और निरंतर दे रहा है। एक जर्मन संस्थान के अनुसार, अमेरिका और यूरोपियन यूनियन द्वारा 2022 से यूक्रेन को जो सैन्य, वित्तीय और मानवीय सहायता दी जा चुकी है या आगे मिलेगी वह राशि 380 बिलियन डॉलर बनती है। यूक्रेन युद्ध का असर समूचे यूरोप को महसूस हो रहा है।

यहां तक कि अज़रबेजान ने भी सूडान के माध्यम से यूक्रेन को बम पहुंचाए हैं। पाकिस्तान ने यह समझकर कि कहीं वह पीछे न रह जाए, यूक्रेन को आत्मघाती ड्रोन, चल-हवाई हमला रोधी प्रणाली और जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलें मुहैया करवाई हैं। जान-माल की इतनी भारी क्षति वाली यह लड़ाई कब तक चलेगी, कोई नहीं जानता। यह चुनौती आगे भी जारी रहेगी, जब तक कि युद्ध का विरोध करने वाले डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति नहीं चुने जाते। ट्रंप इस बारे में एकदम स्पष्ट हैं कि वे अमेरिकी करदाता का धन यूक्रेन युद्ध में बहाए जाने के पक्ष में नहीं हैं।लेकिन, यदि अंतहीन लगने वाली इस लड़ाई के लिए कमला हैरिस ने बाइडेन की धन और हथियार देने की नीतियां आगे जारी रखना चुना तो ट्रंप के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। हो सकता है शांति समझौते की खातिर रूस कब्जाया कुछ इलाका छोड़ने को राज़ी हो भी जाए लेकिन वह किसी भी सूरत में समुद्र तक जाते पहुंच मार्गों पर, पुराने जमाने से चले आ रहे अपने नियंत्रण पर, समझौता करने को तैयार न होगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अमेरिका की उन चालों में भागीदार बन रहे थे, जिनसे रूस की क्षेत्रीय संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा बनता हो। इतना पक्का है कि भारत को यूरोपियन ताकतों की आपसी प्रतिद्वंद्विता और महत्वाकांक्षा में फंसने में कोई रुचि नहीं है। लेकिन, उस सूरत से मुंह भी नहीं फेर सकता जब एक विदेशी शक्ति भारत के खिलाफ कुप्रचार को बढ़ावा देना चाहे। आखिरकार हम वाशिंगटन में शासन संभाल रहे उस शख्स से बरत रहे थे जिसने उप-राष्ट्रपति रहते हुए, पाकिस्तान दौरे पर राजधानी इस्लामाबाद से रावलपिंडी जाकर पाकिस्तानी सेना मुख्यालय में बैठे चार सितारा जनरल से मुलाकात करने की जहमत उठाई थी। अमेरिकी विदेश मंत्री एंथनी ब्लिन्कन ने फरवरी, 2021 में भारत की अपनी पहली यात्रा के समय से ही मानवाधिकार हनन का हवाला देना शुरू कर दिया था। तब उन्होंने कहा था 'दुनिया में कुछ ऐसे सरोकार भी हैं, जिनकी अहमियत भारत-अमेरिका संबंधों से अधिक है। हम विश्व के दो अग्रणी लोकतंत्र हैं और हमारी विविधता हमारी राष्ट्रीय मजबूती को सुदृढ़ करती है।'

अभी स्पष्ट नहीं है कि यदि मौजूदा उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनी जाती हैं तो विदेश मंत्रालय को कैसे चलाएंगी। उम्मीद करे कि वाशिंगटन में बैठे लोगों को अहसास होगा कि विरोधाभास तब पैदा हो जाता है, जब एक तरफ वे भारत को अहम सामरिक सहयोगी बताएं तो दूसरी ओर आधिकारिक दस्तावेजों में कथित मानवाधिकार हनन का दोष लगाकर भारत की आलोचना करेंङ्क यह सब तब हुआ जब मोदी सरकार तीसरी पारी में आई। रोचक कि कमला हैरिस ने डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ ताल ठोक दी है, ट्रंप ने उप-राष्ट्रपति के लिए जिस 39 वर्षीय सीनेटर जेडी वेंस को चुना है, उनकी पत्नी उषा वेंस भारतीय मूल की हैं। जैसे-जैसे चुनावी माहौल जोर पकड़ेगा, हमें रोचक घटनाक्रम देखने को मिलेगा।

# मध्य प्रदेश में सहायक पटवारी भर्ती में बड़ा घोटाला

## युवा कांग्रेस ने बताया व्यापम से बड़ा घोटाला

**प्रदीप कुमार प्रजापति**
**7000536382**

**सिरोंज (चम्बल नवराष्ट्र)।** फसलों का सर्वे करने के लिए पंचायत स्तर पर अस्थाई रूप से सरकार द्वारा सर्वेयर बनने के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन लिए गए थे बेरोजगारी के इन हालातो में बड़ी संख्या में लोगों ने आवेदन किए थे लेकिन चेयन प्रत्येक पंचायत से एक व्यक्ति का किया गया है लेकिन इस नियुक्ति का आधार क्या बनाया गया है यह कोई बताने को तैयार नहीं है जिसको लेकर आम नागरिकों में भरी आक्रोश है।

### मध्य प्रदेश के युवाओं के साथ सरकार कर रही छलावा

उक्त पूरे मामले को लेकर सोमवार को तहसील कार्यालय में युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र बघेल के नेतृत्व में कई युवा साथियों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन

| District | Tehsil | BhuCode | VillName | Full Name |
|---|---|---|---|---|
| विदिशा | सिरोंज | 480684 | जहूरपुर | Ajay Yadav |
| विदिशा | सिरोंज | 480730 | जुवेरनगर | Amit Sharma |
| विदिशा | सिरोंज | 480693 | जेतपुर | Rohit Sharma |
| विदिशा | सिरोंज | 480752 | झन्डुवा | Ravindra Kumar |
| विदिशा | सिरोंज | 480841 | झागर | Rajnesh Singh |
| विदिशा | सिरोंज | 480681 | झूकर हौज | Rajesh Yadav |
| विदिशा | सिरोंज | 480832 | डेंगरा | Yogesh Sharma |
| विदिशा | सिरोंज | 480848 | ढिमरोली | Shivam Pathak |
| विदिशा | सिरोंज | 480663 | तरवरिया | Bablu Kushwah |
| विदिशा | सिरोंज | 480852 | तहवा नगर | Rajveer Singh |
| विदिशा | सिरोंज | 480894 | ताऊखेड़ी | Vivek Baghel |
| विदिशा | सिरोंज | 480801 | ताहरपुर | Arvind |
| विदिशा | सिरोंज | 480733 | तिन्दुआ | Netram |
| विदिशा | सिरोंज | 480829 | तेहवरिया | Ravindra Yadav |
| विदिशा | सिरोंज | 480821 | त्रिभुवनपुर | Ravi Babu |
| विदिशा | सिरोंज | 480864 | थनरपुर | Kamal Kishor |
| विदिशा | सिरोंज | 480840 | दामखेड़ा जगथर | Vishal Dangi |
| विदिशा | सिरोंज | 480875 | दामखेड़ा र | Rajendra Singh Chauhan |

सौंपते हुए कहां की हमने भी आवेदन किए थे लेकिन हमारा नाम चयन सूची में नहीं है जिन लोगों का चयन किया गया है वह किस आधार पर किया गया है शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकांश ऐसे लोगों का चयन हुआ है जो अधिकारी कर्मचारियों के भाई या भतीजे हैं या फिर किसी नेता के करीबी उक्त मामले पर अधिकारी जवाब देने से कतराते नजर आ रहे हैं कांग्रेस नेता जितेंद्र बघेल ने बताया कि व्यापम घोटाले से भी बड़ा घोटाला है सरकारी युवाओं के साथ खुलेआम भेदभाव कर रही है आखिर किस आधार पर चयन किया गया है यह कोई बताने को तैयार नहीं 7 दिन के अंदर फर्जी तरीके से की गई चयन प्रक्रिया को निरस्त कर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो हम उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे

### मेरिट के आधार पर चयन करने की मांग

शिकायत करने पहुंचे युवाओं ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि मेरिट सूची के आधार पर चयन किया जाए युवाओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि अभी जिन लोगों का चयन किया गया है वह या तो किसी कर्मचारी अधिकारी के भाई भतीजे हैं या फिर किसी नेता के करीबी ऐसे लोगों का चयन स्थानीय अधिकारियों ने अपनी मनमर्जी से किए हैं इस चयन प्रक्रिया को निरस्त कर पुन: मेरिट सूची के आधार पर चयन करने की मांग की है

### इनका कहना है

रोजगार देने के उद्देश्य से फसलों के सर्वे के लिए यह रखे जा रहे हैं जो पूरी तरह से अशासकीय हैं फिर भी यदि भर्ती में अनियमित्ता की गई है तो हम उसकी जांच करा कर कार्रवाई करेंगे।

**बुद्धिश कुमार वैद्य**
**कलेक्टर विदिशा**

# इंसानी सेहत हेतु जरूरी इनकी उपस्थिति

**अली खान**

आज यह चिंताजनक बात है कि वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जरूरी समझे जाने वाले गिद्धों की प्रजातियां बड़ी तेजी से खत्म हो रही हैं। गिद्धों के गायब होने के कारण पर्यावरण में रोगाणु अपने पांव पसार रहे हैं। जो इंसानों में घातक संक्रमण के साथ ही साथ जानलेवा भी साबित हो रहे हैं। दरअसल, स्वच्छ वातावरण के साथ इंसानों की जान को महफूज रखने के लिए गिद्धों की उपस्थिति को नितांत आवश्यक माना जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 1990 में गिद्धों की आबादी 4 करोड़ थी, जो अब मात्र 60 हजार रह गई है। गौरतलब है कि संकट में आए गिद्ध की प्रजातियां को 2022 में आईयूसीएन की रेड लिस्ट में डाल दिया गया। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, 2000 से 2005 के बीच 5 लाख से अधिक लोगों की मौत ऐसे रोगाणुओं से हुई, जो मरे हुए पशुओं के शव से निकलकर संक्रमण फैलाने की वजह बने। जब इसके बारे में गहन शोध किया गया तो मालूम चला कि इसके पीछे की बड़ी वजह गिद्धों का गायब होना रहा।

हमें यह समझने की आवश्यकता है कि गिद्ध मुफ़्त पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं प्रदान करते हैं, जो पारिस्थितिकी तंत्र या वन्यजीवों द्वारा मानव कल्याण में किए जाने वाला योगदान है। मालूम हो, गिद्ध अनिवार्य मैला ढोने वाले होते हैं जो पोषक तत्वों के पुनर्चक्रण, मिट्टी और पानी के दूषित पदार्थों को हटाने और बीमारियों के प्रसार को नियंत्रित करने जैसी पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उदाहरण के तौर पर ग्रिफ़ॉन गिद्ध जानवरों के शवों से प्राप्त बड़ी मात्रा में सड़ा हुआ मांस खाते हैं, जिससे खाद्य जाल के माध्यम से ऊर्जा का हस्तांतरण होता है। इनकी उपस्थिति जंगली कुत्तों जैसे अन्य वैकल्पिक मैला ढोने वालों की आबादी को नियंत्रित करके बीमारियों के संचरण को सीमित करने में मदद कर सकती है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि गिद्ध हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने में सहायक हैं।

हमें यह भी समझने की नितांत आवश्यकता है कि गिद्धों की आबादी और प्रजाति पर विद्यमान संकट कहीं न कहीं पारिस्थितिकी से जुड़ा संकट है। यदि समय रहते गिद्धों के संरक्षण के लिए प्रयास नहीं किए गए तो भविष्य में गिद्ध प्रजाति की शुमारी विलुप्त प्रजाति में होगी।

# क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिए सिंधिया ने लिखा पेट्रोलियम मंत्री को पत्र

## बीना रिफाइनरी का विस्तारीकरण कर अशोकनगर में औद्योगिक इकाई लगाने की मांग



**अशोकनगर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिए प्रयासरत केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर के औद्योगिक विकास के लिए पहल शुरू की है। उन्होंने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र लिखकर बीना रिफाइनरी के विस्तारीकरण कर उससे संबंधित औद्योगिक इकाइयां अशोकनगर में लगाने का आग्रह किया है। 26 जुलाई को लिखे पत्र में श्री सिंधिया ने लिखा है कि गत वर्ष 49 हजार करोड़ की लागत से बीना रिफाइनरी के विस्तारीकरण का भूमि पूजन माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। इस विस्तारीकरण प्रोजेक्ट के पूर्ण होने से बीना सहित आसपास के सभी जिलों में इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। बीना से लगकर ही गुना संसदीय क्षेत्र का अशोकनगर जिला है, जो रेल तथा सड़क मार्ग से बीना से सुगम रूप से जुड़ा हुआ है। बीना रिफाइनरी के इस विस्तारीकरण प्रोजेक्ट से जुड़ी हुई कुछ अन्य औद्योगिक इकाइयां यदि अशोकनगर जिले में लग जाएं तो,संपूर्ण जिले का औद्योगिक विकास होगा। तथा इससे उत्पन्न रोजगार के अवसरों से युवाओं, महिलाओं तथा आमजन का आर्थिक एवं सामाजिक विकास होगा। उन्होंने आग्रह किया कि इन संबंधित औद्योगिक इकाइयों की अशोकनगर जिले में स्थापना के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया लगातार अपने लोकसभा क्षेत्र में विकास के नए माध्यम, अधोसंरचना निर्माण व युवा शक्ति के हाथ को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। विशेष तौर पर अशोकनगर पर खास ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने जहां पहले अशोकनगर में माफियाओं की कमर तोड़ी। इसके बाद अब जिले में रोजगार,व्यापार बढ़ाने के लिए बड़ी पहल की है।

# बहादुरपुर में मुख्य मार्ग से अंडा मांस की दुकानें हटाने तहसीलदार को दिया ज्ञापन



**अशोकनगर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** बहादुरपुर कस्बे से निकले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 346 ए पर मुख्य मार्ग पर लगने वाली मांस एवं अंडा की दुकानें हटाने को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि कस्बे के मुख्य मार्ग पर अंडा एवं मांस की लगभग आधा दर्जन दुकानें बनी हुई हैं। पुराना बाजार में श्री राम जानकी मंदिर, श्री गणेश मंदिर, जैन मंदिर स्थित है। सुबह एवं शाम को श्रद्धालुओं का आना जाना इस मार्ग से होता है जिन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को आती है। जिन्हे मंदिर आने जाने में मुंह ढंककर निकलना पड़ता है। तहसीलदार आनंद जैन ने राजस्व निरीक्षक को इस मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### ग्राम पंचायत की बैठक डाला ठहराव प्रस्ताव

इससे पूर्व ग्राम पंचायत की मासिक बैठक में इस मुद्दे को लेकर एक ठहराव डाला गया जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों और ग्रामीणों ने अपनी सहमति व्यक्त की। ग्राम पंचायत ने मांस अंडों की दुकानों को लेकर एक प्रस्ताव बनाकर तहसीलदार को भेजा है। बैठक में उपसरपंच शरद जैन, सचिव नीलेश अहिरवार, रोजगार सहायक केपी यादव सहित पंचायत के पंच एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# पटवारी सर्वेयर पद पर अपने पड़ोसी के बेटे और चहेतों को दी गई नियम विरुद्ध नियुक्ति

## युवक ने की आवेदन देकर कलेक्टर से शिकायत

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** मुंगावली तहसील में तहसील हाल ही में की गई पटवारी सर्वेयर के पदों पर नियुक्ति को अवैध बताया जा रहा है युवाओं का कहना है कि पटवारियो ने मनमानी तरीके से तहसील में अधिकारियों से सेटिंग करके अपने चहेतो की पटवारी सर्वेयर पदों पर नियुक्त कर दिया है जो पूरी तरह से अवैध और नियम के विरुद्ध है उन्होंने ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि इन नियुक्तियों को तत्काल रद्द की जाए एवं फिर से आवेदन आमंत्रित कर योग्य लोगों की नियुक्ति इस पद पर की जाए।




**क्या है पटवारी सर्वेयर पद-** मध्यप्रदेश शासन मुख्यमंत्री की मंशा है कि भू-स्वामियों के हित में त्वरित और आसान सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश भर में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण की प्रक्रिया आरंभ की जानी है इसके लिए अ स्थाई पटवारी सर्वेयर पदों पर बेरोजगार युवाओं को भर्ती किया जा रहा है जिसमें 8वीं कक्षा उत्तीर्ण 18 से 40 वर्ष के स्थानीय युवाओं भर्ती किए जाएं और उसके द्वारा मोबाइल के माध्यम से फसलों के सर्वेक्षण का कार्य सौंपा जाएगा. इसके लिए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा भर्ती किए गए सर्वेयर को प्रति फसल, प्रति सर्वे नंबर 8 रूपए की दर से उन्हें भुगतान किया जाएगा।

**बेरोजगारों के साथ किया धोखा-**युवाओं ने कहा कि पटवारियों द्वारा अपने चहेतो को जिस तरह से पद बांटे गए हैं उसके कारण बेरोजगारों के साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ है इस संबंध में तत्काल कार्यवाही की जाए एवं योग्य युवक-युवतियों को जल्दी से जल्दी नियुक्त की जाए जिससे कि शासन द्वारा की जा रही पटवारी सर्वेयर पद समय पर भर्ती किए जा सकें।

**पटवारी ने अपने पड़ोसी के बेटे और दोस्त को बना दिया सर्वेयर-**हाल ही में मुंगावली तहसील कार्यालय द्वारा जारी नियुक्ति में बड़े पैमाने पर अनियमितता की गई है जिसका एक उदाहरण आपके सामने है कि पटवारी हल्का ढुडेर में तहसील मुंगावली जिला अशोकनगर के पटवारी के द्वारा डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वेक्षण सर्वेयर पद पर अपने पड़ोसी ओर दोस्त की नियुक्ति कर ली गई है जो पूरी तरह से ग़लत और अवैध नियुक्ति है पद का लाभ अनैतिक रूप से लेने वाले पटवारी के ऊपर कार्यवाही की जानी चाहिए।

# पुण्य और पुरुषार्थ में केवल समय का अंतर : मुनि श्री सौम्य सागर

**मुंगावली ( चम्बल नवराष्ट्र )।** पुण्य और पुरुषार्थ में केवल समय का अंतर होता है क्योंकि जिसको आप पुण्य बोल रहे हो वह आपके पूर्व जन्म का पुरुषार्थ है और जिसको आप पुरुषार्थ बोल रहे है वह भविष्य का पुण्य और आज का पुरुषार्थ है। उक्त उद्गार मुनि श्री सौम्यसागर महाराज ने मुंगावली के श्री आदिनाथ जैन मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि जैसे हम वर्तमान के पुरुषार्थ को सब कुछ मानते है फिर हम पूर्व जन्म के पुण्य को क्यों गौण कर रहे है,आप सबके पूर्व पुण्य का उदय था जो आज वर्तमान में आपका पुरुषार्थ सफलता के रूप में सामने आ गया। अपने पुण्य का सही उपयोग करना कुछ ही लोग जानते है। मानव जीवन में उत्साह का आना महत्वपूर्ण है मगर उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है उत्साह को बनाए रखना। कर्म



आपको कभी भी नहीं छेड़ता। जब आप अपनी पूरी कमाई को मकान और बड़े व्यापार में लगाते हो उस समय वो आपसे नही बोलेगा क्योंकि वह इंतजार कर रहा होता है आप लोग जब प्रोपटी खरीदते है तब कैसे इसकी रकम जमा की जाएगी यह नही सोचते और सोचते है सब जमा हो जाएगा और आपके दिमाग में प्रोपटी रहती है। यदि नही हो पाया तो इसको बेच दूंगा और पैसा बापिस आ जाएगा और जो आपकी कमाई है उसकी रिक्स ले लेते हो क्योंकि वह आपकी पर्सनल होती है। और आज पब्लिक प्रोपटी जो की आचार्य विद्यासागर जी महाराज की है उसमे आप सोचते है जबकि यह सोचना चाहिए की हमे कई भवो का काम करना है और पर्सनल नही पब्लिक पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा की साधु हमेशा पब्लिक प्रोपटी होता है और जिन्हे साधु पर पूरा विश्वास करके अपने आत्म विश्वास को जगाया है साधु उनकी पर्सनल प्रोपटी हो जाया करता है।कर्म हमेशा न्याय करता है यह बात हमेशा ध्यान रखना पूर्व जन्म में किए गए पुण्य है जो आपको आज सब अच्छा मिल रहा है इसलिए इस जन्म में कुछ अच्छा कर लो जिससे आने वाले भवो में भी अच्छा मिले इसलिए पर्शनल नही पब्लिक प्रोपटी के पीछे भागो जो साधु की होती है।

# संगठन और जनसेवा ही उनका लक्ष्य था: आलोक तिवारी

## जिला भाजपा संगठन ने पूर्व राज्यसभा सांसद प्रभात झा को श्रद्धांजलि अर्पित की




**अशोकनगर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** संघर्षमय जीवन एम शुरुआत करने वाले पूर्व राज्यसभा सांसद प्रभात झा ने संगठन और जन सेवा के माध्यम राजनीति के शिखर को छुआ। शैक्षणिक योग्यता हासिल करने के बाद संघ की विचारधारा से प्रेरित होकर संघ के निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले श्री झा का लक्ष्य संगठन और जन सेवा था। उक्त आशय के उद्गार मंगलवार को भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने स्थानीय ओम कॉलोनी स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पूर्व राज्यसभा सांसद प्रभात झा के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय श्री झा कर्मठ कार्यकर्ता के साथ कुशल संगठन सृजनकर्ता थे। अपने करियर की शुरुआत पत्रकारिता के माध्यम से जन सेवा कर की। तत्पश्चात वह राजनीति में आए और संगठन के विभिन्न पदों पर रहकर कार्यकर्ताओं को एक जुट करने के साथ संगठन को मजबूती प्रदान की, मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष के अलावा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में अपना योगदान दिया। मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद के रूप में प्रदेश के विकास और महत्वपूर्ण मसलों को राज्यसभा के माध्यम से देश के सामने लाने का काम किया। मृदु भाषी श्री झा जमीनी हकीकत से वाकिफ कार्यकर्ताओं के बीच काफी लोकप्रिय रहे। उनके निधन से भाजपा को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्हें सादर नमन करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति, उनके परिवार को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। इस दौरान अन्य कार्यकर्ताओं ने भी विचार व्यक्त करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान जिले भर से आए भाजपा के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारीयों आदि ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष जैन एडवोकेट, राजेश जैन तारई, जिला महामंत्री नंदलाल यादव, मुकेश कलावत, रविंद्र लोधी,वीरेंद्र यादव, मनोज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी सह प्रभारी विकास रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य शीला जाटव, लखन रघुवंशी, रविंद्र दुबे, मंडल अध्यक्ष सलिल त्रिपाठी, देवेंद्र रघुवंशी, सुनील रघुवंशी,राजपुर मंडल अध्यक्ष जगदीश यादव, दयाशंकर कुशवाहा, माधोराज यादव, नरेंद्र जाटव, चंद्रभान दांगी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

# गांव मंदिर जी में अखंड भक्तामर पाठ का आयोजन 3 अगस्त को




**अशोकनगर ( चम्बल नवराष्ट्र )** शहर के पुराना बाजार स्थित दिगंबर जैन गांव मंदिर जी में भक्तामर मंडल द्वारा 3 अगस्त से श्री भक्तामर जी के पाठ का आयोजन किया जा रहा है। यह भक्तामर जी का पाठ 24 घंटे चलेगा जो कि 4 अगस्त को समाप्त होगा। इसके बाद रात्रि में अंकित जैन एंड पार्टी गुना के द्वारा 48 दीपकों के द्वारा रंगारंग महाआरती का आयोजन किया जाएगा। यहां बता दें कि जगत शांति की कामना हेतु आयोजनकर्ता भक्तामर मंडल द्वारा प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है।

# जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं के निराकरण दिशा- निर्देश दिए



**दतिया( चम्बल नवराष्ट्र )।** प्रति मंगलवार की भांति इस मंगलवार को कलेक्टर संदीप कुमार माकिन द्वारा सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई। कलेक्टर श्री माकिन द्वारा जनसुनवाई में आये नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिये अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये ।दावनी निवासी विनोद कुमार शर्मा ने आवेदन दिया कि गांव में स्थित तालाब पर कुछ स्थानीय दबंग लोगों द्वारा तालाब का पानी रोक दिया गया है जिससे मकानों में पानी भर रहा है। कलेक्टर ने सीईओ सेवढ़ा को कार्यवाही करने के निर्देश दिये ।ग्राम सतलौन निवासी पूजा सहारिया ने आवेदन दिया कि आंगनवाड़ी केंद्र बरकुआ पर सहायिका सहारिया एवं कार्यकर्ता सहारिया की आवश्यकता थी उक्त सहायिका एवं कार्यकर्ता में पात्रता थी लेकिन महिला बाल विकास दतिया द्वारा श्रीमती कल्पना ठाकुर का अस्थाई चयन कर दिया गया है मेरा निवेदन है कि उक्त केंद्र पर आदिवासी की भर्ती पारदर्शी तरीके से कराई जाए और उसे केंद्र पर आदिवासी महिला का होना पात्र है। कलेक्टर ने जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। दतिया रोड इंदरगढ़ वार्ड क्रमांक 12 निवासी श्रीमती हेमलता गुप्ता ने आवेदन दिया कि राधेलाल झा द्वारा आबादी क्षेत्र में रबडिंग फैक्ट्री लगा रखी है जिसके धुएं से हमारे परिवार के लोग बीमार हो रहे हैं और सांस लेने में दिक्कत होती है आपसे से निवेदन है कि रबडिंग फैक्ट्री को बंद करने की कृपा करें। कलेक्टर ने एसडीएम दतिया को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये ।ग्राम पंचायत उर्दना ग्राम कंधारी निवासी रामलखन लोधी ने आवेदन दिया कि मेरी पुश्तैनी कृषि भूमि कंधारी में स्थित है मेरे पिताजी के स्वर्गवास के बाद में लगातार दो बार फोती नामांतरण के लिए आवेदन दिया था परंतु दोनों बार पटवारी द्वारा कुछ सर्वे नंबरों का नामांतरण नहीं किया गया। अत: नामांतरण करवाने की कृपा करें। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को नामांतरण करवाने के आदेश दिए ।सनोरा निवासी पूजा शर्मा ने आवेदन दिया कि शासकीय विद्यालय सनोरा मैं अतिथि शिक्षक की नियुक्ति होनी थी जिसमें मैने आवेदन किया था और संस्था का जो पैनल है उसमें दूसरे नंबर पर मेरा नाम था उपरांत में अतिथि शिक्षक सुनील कुमार ने अपने लेख में दिया था कि मैं सत्र 2024-25 के लिए अतिथि शिक्षक के रूप में काम नहीं करूंगा जिसको प्राचार्य ने वेरीफाई भी कर दिया था परंतु फिर भी प्रभारी शासकीय माध्यमिक विद्यालय के द्वारा फिर से उसको अतिथि शिक्षक के रूप में रख रहे हैं आपसे निवेदन है कि मुझे अतिथि शिक्षक गणित विषय में नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया करवाने की कृपा करें। जिसमें कलेक्टर मांकिन द्वारा शिक्षा विभाग डीओ को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# दतिया कलेक्टर ने की कृषि विभाग की समीक्षा



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर संदीप कुमार माकिन ने कृषि विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने कृषि विभाग के उप-संचालक से वर्तमान में फसल एवं खाद बीज की जानकारी हासिल की। बैठक में कलेक्टर माकिन ने कृषि विभाग के अधिकारियों एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के किसानों को शासन की मंशानुसार खाद-बीज के लिए परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होने कहा कि जिले के किसानों को फसल अनुसार खद-बीज अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराय जाए ।उन्होंने विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि इस कार्य में कोई भी लापरवाही एवं शिकायत सुनने में नहीं आनी चाहिए ।बैठक में कलेक्टर माकिन ने अधिकारियों से कहा कि जिले के किसानों को खाद बीज वितरण में किसी प्रकार की गड़बड़ी या शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी ।बैठक में कृषि विभाग के अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस कप्तान ने मंगलवार को जनसुनवाई में सुनी समस्याएं



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** मंगलवार को पुरानी कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय पर एसपी वीरेंद्र मिश्रा ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आवेदक विभिन्न विवादों को लेकर पहुंचे। आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए एसपी ने संबंधित थाना प्रभारी और एसडीओपी को निर्देश दिए। जन सुनवाई में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से पुलिस कार्यालय में आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। शिकायतकर्ताओं को शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया ।इस दौरान अधिकारी मौजूद रहे।

## घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़, युवक पर मामला दर्ज

**दतिया।** गोराघाट थाना अंतर्गत एक गांव मे 15 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के ही एक लड़के ने छेड़छाड़ कर दी। घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे की बताई गई। किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार देर शाम आरोपी युवक पर छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। घटना के बाद से आरोपी फ़रार है। पुलिस के मुताबिक, 15 वर्षीय किशोरी ने बताया कि वह घर पर अकेली थी। तभी गांव में ही रहने वाला युवक रामेश्वर शर्मा आया और उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी भाग निकला। पुलिस ने आरोपी पर प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# स्कूलों में स्काउट गाइड दलों का अनिवार्य रूप से संचालन करें- अतिबल सिंह



**भांडेर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** कन्या हायरसेकंडरी स्कूल में हुआ बिगिनर्स कोर्स का आयोजन ।भारत स्काउट एवं गाइड का एक दिवसीय बिगनर्स कोर्स का आयोजन स्थानीय कन्या हायरसेकंडरी स्कूल भांडेर में किया गया। जिसमें ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से 77 शिक्षक शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया ।प्रशिक्षण में डीओसी स्काउट अतिबल सिंह,डीटीसी अभिराम शर्मा, लक्ष्मी राय ने उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को स्काउट गाइड के प्रगतिशील प्रशिक्षण की विस्तार से जानकारी दी ।परिचयात्मक शिविर का शुभारंभ स्काउट प्रार्थना दया कर दान भक्ति का हमे परमात्मा देना के गायन के साथ किया गया ।तदुपरांत जिला संगठन आयुक्त अतिबल सिंह ने कहा कि भारत स्काउट गाइड छात्रो के सर्वांगीण विकास करने की संस्था है ।हम बच्चों में अच्छे सँस्कार देकर उन्हें सफल जीवन की कला स्काउट गाइड के माध्यम से सिखा सकते है ।शिविर में डीटीसी अभिराम शर्मा द्वारा स्काउट गाइड का इतिहास, मूलभूत सिद्धांत, उद्देश व्यस्क कार्यक्रम की जानकारी दी गई ।महिला प्रशिक्षक लक्ष्मी राय व्यस्क ट्रेनिग प्रोग्राम व विगिनर्स कोर्स से सम्बंधित जानकारी प्रतिभागियों को दी ।इस मौके पर जयराम पटवा,विपिन बौद्ध अंकित विश्वकर्मा, अर्चना जाटव ,हेमंत गौतम,प्रमोद शर्मा,रजनीश ओझा, सत्यप्रकाश अग्रवाल, नबल किशोर गुप्ता, संतोष रजक,अवधेश समाधिया ,मोनिका लिटौरिया, छाया दुबे,पुष्पा निरंजन, संध्या नगरिया सहित अनेको शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही ।कार्यक्रम का संचालन अतिबल सिंह व आभार प्रदर्शन अभिराम शर्मा द्वारा किया गया।

# बाल तस्करी के विरूद्ध संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

## मानव तस्करी दुनियाँ का तीसरे नम्बर का अपराध- देवेन्द्र भदौरिया



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** भारतीय न्याय संहिता के नए खंड में ट्रैफिकिंग को एक अपराध के रूप में शामिल करना स्वागत योग्य है। इसके बावजूद देश को एक सख्त ट्रैफिकिंग विरोधी कानून की जरूरत है ताकि मानव तस्करी गिरोहों के खिलाफ अंतर्राज्यीय समन्वय और ट्रैफिकिंग के पीड़ितों का पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके। उक्त उदगार बच्चों की न्याय तक पहुँच कार्यक्रम के जिला समन्वयक रामजीशरण राय ने आयोजित बाल तस्करी के विरूद्ध संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये।

अन्तर्राष्ट्रीय बाल तस्करी निषेध दिवस-2024 के उपलक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन व धरती संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बाल तस्करी के विरूद्ध संवाद कार्यक्रम पोषण केंद्र पुरानी कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया। आयोजित संवाद कार्यक्रम में धरती संस्था के संचालक देवेन्द्र भदौरिया ने मानव दुर्व्यापार और बाल दुर्व्यापार को दुनियाँ का टॉप-3 का अपराध बताते हुए इस पर विभिन्न स्तरों पर प्रभावी कार्य करने की आवश्यकता बताई। ब्लॉक समन्वयक एस.आर. चतुर्वेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया व आभार अशोक कुमार शाक्य ने व्यक्त किया। ब्रजेन्द्र कुमार, बालमित्र बलवीर पाँचाल व पीयूष राय ने बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल अपराधों पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता की।

## कुएं में डूबने से महिला की मौत

**दतिया।** जिगना थाना इलाके के विजयपुर गांव में कुएं में गिरने से महिला की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। घटना सोमवार शाम की है। पुलिस ने मंगलवार सुबह शव का जिला अस्पताल में पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार, विजयपुर गांव निवासी 24 वर्षीय दीक्षा पत्नी सुनील यादव घर का काम काज खत्म कर गांव के कुएं से पानी भरने गई थी। कुएं की मुंडेर पर फिसलन थी। कुएं में महिला ने जैसे ही पानी भरने के लिए रस्सी से बंधी बाल्टी डाली। तभी उसका पैर फिसल गया। वह संभल ही नहीं पाई और कुएं में जा गिरी। जिस कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकाला। पोस्टमॉर्टम करा शव परिजन को सौंप दिया।

# पुलिस लाइन दतिया में फॉरेंसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**दतिया।** पुलिस लाइन के यातायात पार्क में पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र कुमार मिश्रा के निर्देशन में फोरेंसिक विशेषज्ञ द्वारा फॉरेंसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। फोरेंसिक साईंस विशेषज्ञ 'डॉ. परिधि बिल्लोरे' (रमैया यूनिवर्सिटी ऑफबेंगलुरु की फैकल्टी) ने फोरेंसिक का परिचय देते हुए, महिलाओं के खिलाफ अपराध की जांच में प्रौद्योगिकियों की जानकारी और उनका' अनुप्रयोग सीन आफक्राइम का संग्रह, संरक्षण और अग्रेषण एवं हिरासत का रखरखाव आदि महत्वपूर्ण विषयों जानकारी दी। 'पुलिस अधिकारियों को हत्या एवं आत्महत्या के विशेष क्राइम की बेहतर विवेचना एवं उनमें फोरेंसिक साक्ष्यों के महत्व को समझाया।

इस दौरान फोरेंसिक साईंस 'विशेषज्ञ डॉ. परिधि बिल्लोरे ने बताया कि, अपराध की घटनाओं का पर्दाफाश करने के लिए घटनास्थल से जुटाए' साक्ष्य का अहम रोल होता है प्रशिक्षण शिविर में 'अति0 पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे, जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी' (पुलिस), रक्षित निरीक्षक, थाना चौकी प्रभारी साहित पुलिस अधिकारी 'उपस्थित रहे।

# ग्राम रूणजी में 71 वर्षीय पर्वत सिंह और उनकी पत्नी अत्यंत दयनीय परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं

**बरसात के मौसम में उनके घर की छत टूट चुकी है आवास के लिए उन्होंने शासन-प्रशासन से सहायता की मांग**





रविन्द्र राणावत

**उज्जैन( चम्बल नवराष्ट्र )।** मुख्यमंत्री के गृह जिला अंतर्गत जनपद पंचायत घटिया के ग्राम रूणजी में 71 वर्षीय पर्वत सिंह और उनकी पत्नी अत्यंत दयनीय परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं। बरसात के मौसम में उनके घर की छत टूट चुकी है, जिसके कारण हल्की वर्षा में भी पूरे घर में पानी भर जाता है। इस बुजुर्ग दंपत्ति के पास रहने के लिए उपयुक्त स्थान नहीं है, और न्यूनतम सुविधाओं का भी अभाव है, जिससे उनका जीवन अत्यंत कठिन हो गया है।पर्वत सिंह ने ग्राम पंचायत और पंचायत सचिव से संबंधित योजनाओं के तहत सहायता की कई बार मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। विकास यात्रा के दौरान उन्होंने अपनी गुहार भी लगाई, लेकिन पंचायत विभाग के किसी भी कर्मचारी ने उनकी हालत की सुध नहीं ली।यह समय है कि शासन-प्रशासन इस मामले पर गंभीरता से ध्यान दे। ऐसे जरूरतमंद लोगों की अनदेखी नहीं की जा सकती, खासकर जब देश विकास की ओर अग्रसर है। प्रशासन से निवेदन है कि वे तुरंत इस परिवार की मदद करें और इन्हें उचित आवास एवं जीवनयापन के साधन प्रदान करें। यह आवश्यक है कि इन नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके, ताकि वे भी सम्मानजनक जीवन जी सकें।आशा है कि संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन इस समाचार पर ध्यान देंगे और शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाएंगे। इस प्रकार की सहायता से न केवल इनकी स्थिति में सुधार होगा, बल्कि समाज में समानता और मानवता के प्रति विश्वास भी मजबूत होगा।

# नागदा से उज्जैन के लिए निकली धार्मिक यात्रा, विधायक डॉ. चौहान हुए शामिल



**नागदा ( चम्बल नवराष्ट्र )।** नागदा से उज्जैन के लिए मंगलवार को धार्मिक यात्रा निकली। विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान की अगुआई में करीब 40 श्रद्धालुओं के साथ नागदा गणेश मंदिर से दो दिवसीय बाइक यात्रा प्रारम्भ हुई। इसमें नगर सहित अन्य तहसील के श्रद्धालु भी सम्मिलित हुए। जो उज्जैन में 84 महादेव के दर्शन के साथ साथ 9 नारायण और सप्त सरोवर के दर्शन भी करेंगे।

यात्रा के उज्जैन पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह बोरमुण्डला ने संतों से साथ ध्वज पूजन किया। इसके बाद वह भी यात्रा में शामिल हुए। बुधवार को सभी श्रद्धालु दर्शन के बाद वापस लौटेंगे।वहीं विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान आवश्यक कार्य होने से आज ही यात्रा से लौट आएंगे। यात्रा में नरेंद्र कोठारी, छोटे मल्लाह, जितेंद्र कुशवाह, पूरन पोरवाल, श्रीराम शर्मा, जितेंद्र वत्स प्रमुख रूप से उपस्थित है।

# घट्टिया तहसील कार्यालय का संभागायुक्त संजय गुप्ता ने किया औचक निरीक्षण

**राजस्व प्रकरणों के निराकरण का बारीकी से किया अवलोकन, लम्बित प्रकरणों को त्वरित निराकरण के दिए निर्देश**

रविन्द्र राणावत



**घट्टिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** उज्जैन के संभागायुक्त संजय गुप्ता अचानक तहसील कार्यालय घट्टिया पहुंचे तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया राजस्व महाअभियान 2.0 के अंतर्गत संभागायुक्त ने तहसील न्यायालय में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति देखी और न्यायलय तहसीलदार घट्टिया,नायब तहसीलदार घट्टिया व अपर तहसीलदार पानबिहार में राजस्व प्रकरणों के निराकरण का बारीकी से अवलोकन किया।साथ ही त्वरित लम्बित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश भी दिए।संभागायुक्त ने तहसीलदार को निर्देशित किया कि प्रकरणों का निराकरण कर शीघ्र प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।वहीं संभागायुक्त संजय गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व महाअभियान अन्तर्गत नामांतरण, बंटवारा, नक्शा तरमीम, अभिलेख दुरूस्ती आदि राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय पर निराकरण सुनिश्चित कराएं, ताकि जन-सामान्य को अपनी राजस्व सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्होंने सख्त हिदायत दी कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एसडीएम द्वारा अपने क्षेत्र में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की बारिकी से निगरानी करें। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त उज्जैन रंजीत कुमार,उपायुक्त भू-अभिलेख गरिमा रावत, एसडीएम घट्टिया राजाराम करजरे,तहसीलदार प्रकाश परिहार,नायब तहसीलदार राजेश चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शहर की पेयजल, स्ट्रीट लाइट, आवारा पशुओं की समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**उज्जैन ( चम्बल नवराष्ट्र )।** उज्जैन कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को नगर निगम का घेराव करते हुए चक्का जाम कर दिया। कांग्रेसियों का आरोप था कि शहर में लगातार हो रही बारिश से सड़कों की दुर्दशा, आवारा पशुओं की समस्या, शहर में जल प्रदाय की अव्यवस्था, शहर में स्ट्रीट लाइट की अव्यवस्था, गंदे पानी का जल सप्लाई की समस्या सहित कांग्रेस पार्षदों की सुनी नहीं जा रही है। जिसके चलते कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन करते हुए आगर रोड जाम कर दिया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने बताया कि शहर में लगातार हो रही बारिश से सड़कों पर जल जमाव सहित आवारा पशुओं और गंदे पानी का जल सप्लाई सहित अनेक समस्याओं का शहर वाली भुगत रहे। शहर कांग्रेस कमेटी के सदस्य पदाधिकारी और कांग्रेस पार्षद ने नगर निगम के कार्यालय का घेराव किया। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के पार्षद दल द्वारा कई बार इन समस्याओं को निराकरण हेतु ज्ञापन दिए गए। परंतु निगम का भाजपा बोर्ड सोया हुआ है उसे उठाने की आवश्यकता है। इस हेतु कांग्रेस पार्टी के समस्त नेता कार्यकर्ता निगम का घेराव कर आगर रोड पर चक्काजाम किया। करीब आधे घंटे चले चक्का जाम के कारण आगर रोड पर आने वाले वाहनों को डायवर्ट करना पड़ा। चक्का जाम कर रहे कांग्रेसियो से बात करने पहुंचे नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर पवन कुमार सिंह ने बताया कि कुछ समस्या थी हम लोग कोशिश करेंगे जल्द निराकरण हो, नगर पालिका है रोज समस्या होती हम सभी समस्या का जल्द निराकरण करेंगे।

# होटल समता सागर मे चल रहा था जुए का कारोबार, लाखों रुपए के साथ 9 लोग गिरफ्तार

**एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने कहा- संचालक और मैनेजर भी जाँच के घेरे मे, दिया जायेगा नोटिस**

राकेश पाँचाल



**रतलाम ( चम्बल नवराष्ट्र )।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों के लोग प्रसिद्ध होटल समता सागर के रूम नंबर 336 में जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने दबीश दी। मौके से 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी पर जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जुआरियों के कब्जे से 1,40000 रुपए जब्त किए गए। होटल संचालक और मैनेजर भी जांच के दायरे में आएंगे।

पुलिस सूत्रों के अनुसार स्टेशन रोड पुलिस को मुखबिर से इस आशय की सूचना मिली थी कि होटल समता सागर के कमरा नम्बर 336 में कुछ लोग लाखों का जुआ खेल रहे है। मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस का एक दल होटल समता सागर के कमरा नम्बर 336 में पंहुचा। इस कमरे से जुडे कमरे में नौ लोग जुआ खेलते पकडे गए।

**इन लोगों को किया है पुलिस ने गिरफ्तार** -गिरफ्तार व्यक्तियों ने अपने नाम गौरव पिता सुरेशचन्द्र परमार निवासी गोपाल गौशाला कालोनी, कासिम पिता आबिदअली रंगवाला निवासी बोहरा बाखल,आनन्द पिता मांगीलाल सोनी निवासी चांदनीचौक,इरफान पिता युसूफ खान पठान निवासी नाहरपुरा, मनजीत पिता आजाद जैन निवासी त्रिपोलिया गेट, आशीष पिता रामनाथ शिवहरे निवासी कस्तूरबा नगर, अंकित पिता शांतिलाल जैन निवासी धानमण्डी, आकाश पिता जगदीश रावत निवासी आमलिया भेरु काटजू नगर और आशीष पिता मनोहरलाल जैन निवासी मोहन टाकीज बताए हैं।

**यह राशि हुई है जब्त** -पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 1,40,120 रुपए बरामद किए है। सभी आरोपियों को जुआ एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में होटल मैनेजर और संचालक से भी पूछताछ की जाएगी।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 74 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए निराकरण के निर्देश जारी किए गए

**रतलाम।** मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सभाकक्ष में संपन्न हुई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रृंगार श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्री आर एस मंडलोई, एसडीएम श्री अनिल भाना ने जनसुनवाई करते हुए 74 आवेदनों पर निराकरण के लिए संबंधित विभागों को दिशा निर्देश जारी किए।

जनसुनवाई में सुभाष नगर रतलाम की संगीता ने आवेदन दिया कि उसका पुत्र बोधी स्कूल डोंगरे नगर कक्षा 9 में अध्ययनरत है परंतु गरीबी के कारण स्कूल की फीस नहीं भर पा रहा है, फीस माफ करवाये, संगीता के आवेदन पर जिला शिक्षा अधिकारी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। विनोबा नगर रतलाम के दीपक कुमार ने आवेदन दिया कि समस्त अर्हताएं पूर्ण करने के उपरांत भी उसको आज तक अनुकंपा का लाभ नहीं मिला है जबकि उसके पिता वरिष्ठ लाइन परिचारक के पद पर पदस्थ थे जिनका निधन सेवा काल में हुआ, दीपक का आवेदन निराकरण हेतु अधीक्षक यंत्री एमपी ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की ओर प्रेषित किया गया। इसी प्रकार बाजना बस स्टैंड रतलाम निवासी सपना यादव ने आवेदन दिया कि सब्जी की ठेला गाड़ी लगाने के लिए आर्थिक सहायता चाहिए आवेदन कार्रवाई के लिए नगर निगम को प्रेषित किया गया।

# बेहतर शिक्षा का दावा करने वाली सरकार की यह कैसी व्यवस्था

## अंकसूची जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज कूड़ा दान में देख हरत में लोग










प्रदीप कुमार प्रजापति
7000536382

**विदिशा ( चम्बल नवराष्ट्र )** । जिले की तहसील सिरोंज के शासकीय प्राथमिक शाला लिधोड़ा मे हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है जहां अंक सूची जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ बच्चों को निशुल्क वितरण होने वाली कई महत्वपूर्ण पुस्तक कचरा दान में फैक दी गई

ज्ञात हो कि विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष निशुल्क पुस्तक वितरण की जाती है जिसके लिए सरकार लाखों रुपए खर्च कर रही है वही शिक्षकों की मनमानी की सरकारी पुस्तकों को कूड़ा दान में फेंका जा रहा है क्या शिक्षकों ने अपनी लापरवाही छुपाने के लिए न केवल पुस्तक बल्कि अंकसूची जैसे महत्वपूर्ण दस्ताबैजो को कूडादान मे डाल दिया आखिर ऐसी भी क्या मजबूरी थी कि जिम्मेदारों को शिक्षण सामग्री व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज कूड़ादन में डालने के लिए मजबूर होना पड़ा।

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र ने मंगलवार को पड़ताल के दौरान शाला परिसर में बने कूड़ा दान में एक दो नहीं सैकड़ो की संख्या में अंक सूची व बच्चों को वितरण होने वाली बाल कहानी की पुस्तक व अन्य तरह के दस्तावेज देखने को मिले हैं उक्त पूरे मामले पर जिम्मेदारों ने जांच का आश्वासन देकर चुप्पी साद ली है

### बेहतर शिक्षा का दावा करने वाली सरकार की यह कैसी व्यवस्था

एक ओर सरकार बेहतर शिक्षा व्यवस्था का ढोल पीट रही है लेकिन क्षेत्र में हालात सरकार के इन तमाम दावों की पोल खोल रहे हैं कहीं स्कूलों में बैठने की जगह नहीं तो कहीं मास्टर साहब नहीं सरकारी सिस्टम की लचर कार्य प्रणाली के चलते मध्य प्रदेश में छात्रों का भविष्य अंधकार में नजर आ रहा है सरकार द्वारा दी जाने वाली पुस्तक कूड़ेदान में डाली जा रही है अंकित सूची जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज कचरे में फैके जा रहे हैं यह सब देखकर आप खुद सरकार की बेहतर शिक्षा व्यवस्था का अंदाजा लगा सकते हैं

### अंकसूची बच्चों के भविष्य का सवाल है निश्चित ही कार्रवाई होगी

स्थानीय एसडीएम हषर्ल चौधरी ने बताया कि अंक सूची जिन पर बच्चों के नाम लिखे हैं वह केवल कागज नहीं है बच्चों के भविष्य से जोड़ा गंभीर विषय है इतनी बड़ी लापरवाही आखिर कैसे हुई है यह जांच का विषय है लेकिन जिसने भी यह लापरवाही की है निश्चित ही कार्रवाई होगी क्योंकि अंकित सूची पर नाम सिग्नेचर सब कुछ है फिर यह कूड़ा दान में कैसे पहुंच गई पूरे मामले की मैं अपनी स्वयं की निगरानी में जांच करा कर कार्रवाई करूंगा।

# अव्यवस्था और मेस शुल्क में कमी के साथ बाइक से एंट्री दिए जाने जैसी कई मांगों को लेकर मैनिट कैंपस छात्रों ने खोला मोर्चा, जमकर किया प्रदर्शन





**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र )।** भोपाल के मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (मैनिट) के खिलाफ संस्थान के हजारों छात्रों ने मोर्चा खोल दिया है। लगातार दूसरे दिन छात्रो ने मुख्य गेट के सामने हंगामा कर चक्काजाम कर अपनी मांगों को लेकर प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

दरअसल छात्रावास में अव्यवस्था और मेस शुल्क में कमी के साथ बाइक से एंट्री% दिए जाने जैसी कई मांगों को लेकर मैनिट कैंपस छात्र लामबंद हो गए है। स्टूडेंट्स का कहना है कि संस्थान ने कई ऐसी नीतियां बनाई हैं, जो उन्हें पसंद नही है। वहीं कालेज की नई पॉलिसी का विरोध करते हुए छात्रों ने मोर्चा खोल दिया है। बीटेक सेकंड, थर्ड, फोर्थ ईयर के साथ-साथ एमटेक के विद्यार्थियों की पूरी भीड़ एक साथ संस्थान की नीतियों के विरोध में उतर गई है।

वहीं छात्रों ने मांग करते हुए कहा कि मेस में भोजन की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए और मेस के संचालन में पारदर्शिता हो। मेस में खाने के दौरान कई बार काक्रोच निकल चुके है, जिससे मैनिट के छात्र फूड पॉइजनिंग का भी हो चुके है। वहीं हॉस्टल में वाटर कूलर में कीड़ों का पाया जाना, पानी की टंकियों की सफाई न होना, दीवारों से प्लास्टर झड़ना, वॉशरूम में सफाई नहीं होना और कमरों की दयनीय स्थिति इन सब मांगों को लेकर मैनिट के छात्र प्रदर्शन कर रहे है।

# जीतू पटवारी ने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के हालात पर जताई चिंता, सरकार से तत्काल राहत देने की मांग



**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र )।** मध्य प्रदेश में हो रही भारी बारिश से निर्मित हो रही बाढ़ की आपदा पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के सभी इलाकों में भारी बारिश हो रही है और अधिकांश जगहों पर बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है।ग्रामीण क्षेत्रों में गांव के गांव बारिश के कारण जलमग्न हैं। ग्रामीण लोग जान बचाने के लिए घरों को छोड़कर ऊंचाई वाले क्षेत्रों पर अस्थाई डेरा डालकर अपना गुजर बसर कर रहे हैं। वहीं उनकी मजदूरी पर भी काफी प्रभाव पड़ रहा है तो बच्चों की शिक्षा व्यवस्था, बिजली, पानी और सड़कों स्थिति से ग्रामीण इलाकों में गंभीर, भयावह और चिंताजनक स्थिति बनी हुई है।

जीतू पटवारी ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि ढीमरखेड़ा जिला कटनी में कई गांव भारी बारिश से आई बाढ़ और चारों और पानी भरने से अतिप्रभावित हुये हैं, यही हाल पूरे प्रदेश का है। नदीं के आसपास रहने वालों के घरों में 10-10 फिट पानी भरने से जानमाल का खतरा बना हुआ है। इस स्थिति से ग्रामीणों को ना तो भोजन, ना ही शुद्ध पानी और ना ही स्वास्थ्य सुविधा मिल पा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में गेहूं, चावल सहित अन्य तरह की खाद्य सामग्री भी बारिश के पानी से सड़ गई है, जिससे काफी गंध आ रही है और उससे महामारी की स्थिति निर्मित हो रही है। बाढ़ और जलभराव से लोगों के मकान भी गिर गये है।

पटवारी ने कहा कि कांग्रेस विधायक फुंदेलाल मार्को को पार्टी की ओर से बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण करने और रिपोर्ट कांग्रेस कमेटी को प्रस्तुत करने के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया था। मार्को की रिपोर्ट यह स्थिति सामने आयी है कि प्रदेश में स्थिति बेहाल है और प्रदेश सरकार निर्ममता के साथ प्रभावितों के साथ मुंह दिखायी की रस्मअदायगी कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर रही है। पीसीसी चीफ पटवारी ने मांग करते हुए कहा कि प्रदेश में भारी बारिश और बाढ़ से बनी स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये प्रदेश सरकार को इन प्रभावित इलाकों का तुरंत सर्वे कराना चाहिए, लोगों के मकान गिरने के कारण उन्हें मुआवजा राशि स्वीकृत कर तुरंत मुआवजा दिया जाये, पीड़ित एवं प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए 100 करोड़ रुपयों की राशि शीघ्र जारी कर उन्हें खाद्य सामग्री, पाने का स्वच्छ पानी, बीमारी से बचने के लिए इलाकों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर उनके स्वास्थ्य संबंधी सुविधा एवं उचित स्थान पर उनकी व्यवस्थित बसाहट सरकार को तत्काल करना चाहिए।

## मध्य प्रदेश सरकार का बड़ा

# अब लाडली बहनों को 450 में मिलेगा गैस सिलेंडर

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को भी मिलेगा प्रधानमंत्री बीमा योजना का लाभ



**भोपाल, ( चम्बल नवराष्ट्र )।** मध्?य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के हित में कई अहम फैसले लिए गए।बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश में लाड़ली बहनों को 450 रुपये का रसोई गैस सिलेंडर दिया जाएगा। इससे ऊपर की राशि की भरपाई राज्य सरकार करेगी। इसी तरह बैठक में निर्णय लिया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा। इसमें निधन होने पर दो लाख रुपये और स्थाई दिव्यांगता पर एक लाख रुपये का बीमा मिलेगा।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंत्रिपरिषद की बैठक में हुए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जो सड़कें अधूरी रह गई हैं, उन्हें अब राज्य सरकार द्वारा बनाया जाएगा। इसके लिए 56 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। मध्य प्रदेश के 22 जिलों आलीराजपुर, आगर मालवा, रीवा, अनूपपुर, ग्वालियर, अशोक नगर, भिंड, कटनी, उमरिया, बैतूल, भोपाल, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, धार, मुरैना, सतना, शहडोल, निवाड़ी, सिंगरौली, उज्जैन और सागर के एलोपैथी चिकित्सालय में चिकित्सा के सभी विकल्प उपलब्ध कराने के लिए आयुष विंग की स्थापना की जाएगी। इसके संचालन के लिए 213 पदों की स्वीकृति दी गई। साथ ही छिंदवाड़ा जिले में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक नरेश कुमार शर्मा की सेवा के दौरान अपने दायित्व का निर्माण करते हुए मृत्यु हो जाने पर 90 लाख रुपये की विशेष अनुग्रह राशि देने का निर्णय लिया गया। इसमें से 45 लाख रुपये पत्नी और 45 लाख रुपये माता-पिता को दिए जाएंगे। पूर्व में 10 लख रुपये परिजन को दिए जा चुके हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विनीत गुप्ता, एम.आई.आफसेट वर्क्स, 91, रशीदिया स्कूल के पास बरखेड़ी, भोपाल से मुद्रित तथा सीओ मो. नफीस कुरैशी 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल-462008 से प्रकाशित। सम्पादक: विनीत गुप्ता मो. 8889307028, कार्यकारी सम्पादक महेन्द्र राय। RNI No. MPHIN/2018/77427 ( समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। )